श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी 10:27 उपरांत एकादशी, विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 15 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 270, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com




श्रीजेश...श्रीजेश ... सुनकर याद आए सचिन 19
निरहुआ का गाना तु अइला हमरा जिनगी में रिलीज 20

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के 70 पुलिस अफसरों को मिलेगा राष्ट्रीय पदक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुठभेड़ के दौरान अदम्य साहस के लिए एसटीएफ के चालकों को भी मिलेगा पदक

**अमृत विचार:** योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाइयों और मुठभेड़ों को अंजाम देकर संगठित अपराध के जड़ से समाप्त करने के कारण इस बार एसटीएफ की झोली पदकों से भर गई। शीर्ष अधिकारियों के अलावा मुठभेड़ों के दौरान अदम्य साहस दिखाने पर चालकों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

राष्ट्रपति पदक के साथ-साथ राज्यपाल और डीजीपी की ओर से भी पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। एसटीएफ के नौ अधिकारियों, कार्मिकों को गैलेंट्री अवार्ड से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा चालक शिवशंकर प्रसाद को राष्ट्रपति पदक देने की घोषणा की गई है। चालक राजेश उपाध्याय एवं मानवेंद्र सिंह को गृह मंत्रालय की ओर से उत्कृष्ट सेवा पदक, मो. यहीजुद्दीन को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, योगेंद्र सिंह यादव को डीजीपी की ओर से सराहनीय सेवा, भोलानाथ यादव एवं राजमणि यादव को डीजीपी की ओर से प्रशंसा चिन्ह प्राप्त हुआ है। इसके अलावा निरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी संजय कुमार सिंह, घनश्याम राय, बरनाम सिंह, दयाराम यादव, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, संजय सिंह को गृहमंत्रालय द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है। उत्कृष्ट सेवा पदक 2024 के लिए निरीक्षक जयप्रकाश राय, अमित, आरक्षी सौरभ शुक्ला, मुख्य आरक्षी सुबोध कुमार सिंह को चुना गया है। अति उत्कृष्ट सेवा पदक -2023 के लिए उपनिरीक्षक रामनरेश दास, विद्यासागर, यशवंत सिंह और मनोज कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी रामशंकर का चयन हुआ है।

### दीपक को प्लेटिनम, सत्यसेन को स्वर्ण पदक

डीजीपी की ओर से शौर्य प्रशंसा चिन्ह के लिए निरीक्षक दीपक सिंह प्लेटिनम पदक तो एएसपी सत्यसेन यादव को स्वर्ण पदक मिला है। विनय कुमार सिंह, अक्षय परवीर त्यागी, रहुल कुमार को भी स्वर्ण पदक मिला है। सुनील कुमार, अरुण कुमार निगम और दीपक कुमार, रहुल परमार, केशव शांडिल्य, प्रदीप कुमार सिंह, योगेंद्र पाल, रामनरेश दास, संजय कुमार, राशिद अली, मनीष कुमार उपाध्याय, आशुतोष तिवारी, मोहित गौड़, गुलजार सिंह, अनिल कुमार चौरसिया, रकम सिंह सहित 39 को रजत पदक मिला है।

### चार रणबांकुरों को कीर्ति चक्र और 18 को शौर्य चक्र

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 103 कर्मियों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किए जाने की मंजूरी दी है जिनमें चार कीर्ति और 18 शौर्य चक्र शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि तीन रणबांकुरों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और चार को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सेना पदक (वीरता) के लिए 63 सेना पदक जिनमें दो मरणोपरांत, 11 नौसेना पदक (वीरता) और छह वायु सेना पदक (वीरता) भी प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रपति ने विभिन्न सैन्य अभियानों में उनके योगदान के लिए सेना की श्वान यूनिट की डॉग केंट (मरणोपरांत) सहित 39 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी मंजूरी दे दी है।

### इन्हें मिला कीर्ति चक्र

- कर्नल मनप्रीत सिंह, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फैंट्री/19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)
- मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू, मराठा लाइट इन्फैंट्री/56वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स
- राइफलमैन रवि कुमार, जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/63वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)
- डीएसपी हिमायूं मुजम्मिल भट, जम्मू और कश्मीर पुलिस, सी/ओ 19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

### शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा। – संपादक

### राहुल नवीन ईडी के नए निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। ईडी के कार्यवाहक प्रमुख राहुल नवीन को बुधवार को जांच एजेंसी का पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया गया। कैबिनेट की नियुक्ति संबंधी समिति की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि आयकर संवर्ग के 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नवीन की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक के लिए की गई है।

### योगी बोले- हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप रहने वाले मानवता के दुश्मन

## बर्दाश्त नहीं अस्मिता पर वार

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में गरजे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बांग्लादेश में अस्मिता बचाने के लिए डेढ़ करोड़ हिंदू चिल्ला रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर चुप रहने वालों को मानवता का दुश्मन ठहराया। साथ ही कहा कि अस्मिता पर वार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री लोकभवन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने इतिहास के काले अध्याय से पर्दा उठाकर गलतियों के परिमार्जन के लिए रास्ता बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जो 1947 में हुआ, वही आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में हो रहा है। उस समय 10 लाख हिंदू-सिख काटे गए थे, आज भी वही आगजनी, तोड़फोड़, लूटपाट, बहन-बेटियों संग अत्याचार और त्रासदी का दृश्य देख रहे हैं। डेढ़ करोड़ हिंदू बांग्लादेश में आज अस्मिता बचाने को चिल्ला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि महर्षि अरविंद ने कहा था पाकिस्तान समाप्त होगा या उसका भारत में विलय होगा। उन्होंने कहा कि विभाजन त्रासदी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आज भी देश आतंकवाद के रूप में दंश झेल रहा है।


लखनऊ में विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

### सीएम की अगुवाई में पद यात्रा

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा निकली। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर इसकी शुरुआत की, जहां से पदयात्रा लोकभवन तक पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री हाथ में तख्ती लेकर चल रहे थे। इसमें त्रासदी का दंश झेलने वालों की पीड़ा बयां हो रही थी। उन्होंने लोकभवन में विभाजन विभीषिका की त्रासदी पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी थे।

### मोदी लाल किले पर आज 11वीं बार फहराएंगे तिरंगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।



इस अवसर पर लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में वह देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों के बारे में बात भी करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर अपने तीसरे कार्यकाल के पहले संबोधन में वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पीछे छोड़ देंगे। मनमोहन सिंह ने 2004 से 2014 के दौरान लाल किले की प्राचीर से 10 बार तिरंगा फहराया था। इस मामले में मोदी जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। नेहरू को यह सम्मान 17 और इंदिरा को 16 बार मिला था।

### स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व हुई मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

## उत्तराखंड के कैप्टन शहीद

जम्मू, एजेंसी

- डोडा के शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे थे आतंकवादी
- देहरादून के रहने वाले थे कैप्टन दीपक


दीपक सिंह का फाइल फोटो

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन शहीद हो गए। वहीं मुठभेड़ में एक आतंकवादी को भी ढेर कर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व हुई मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया और इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में देहरादून के कैप्टन दीपक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बैग मिले हैं जिनमें खून लगा है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वहां और भी आतंकवादी हो सकते हैं। सेना ने कहा कि व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक बहादुर कैप्टन दीपक के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं।

### मंगलवार को आतंकियों के छिपे होने के बारे में चला था पता

उधमपुर में मंगलवार शाम करीब छह बजे सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने का पता चला था। सर्च अभियान के दौरान आधे घंटे बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने रातभर में इलाके को चारों ओर से घेर लिया। सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह फिर से तलाश अभियान शुरू किया। सुबह करीब 7 .30 बजे पुनः आतंकवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

Dr. G.L. KANAUJIA
PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-Ed. Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E., Delhi


Your Child Deserves the Best

Focus on Each Student
Safe & Secure Campus
Clean and Hygienic Campus




In Pursuit of Excellence
- Full Free Admission Fee For Girl of any Class.
- Full Free Admission Fee For P.G. Classes (Limited Seats).
- Half Tuition Fee For Single Girl Child.
- Ideal Class Strength in each class.
- Well Equipped Labs.
- Fully AC - Pre Primary wing.

Science, Commerce & Humanities Stream for XI & XII







Contact : 8960381801, 9235752121, 9005896669
Hundal Khel, Shahjahanpur - 242001 (U.P.)








# नगर पालिका परिषद, गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज

# की ओर से आप सभी देशवासियों को 78 वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आइये! कुछ बातें जानकर अपने शहर को नं. 1 बनायें। यह शहर आपका है। इसको साफ सुथरा बनाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। परन्तु बिना आप सभी नगर वासियों के सहयोग के यह संभव नहीं है।

## आम जनता से अपील:-

1. कूड़े को नालियों व रास्ते में न फेंके व न ही जलायें। कूड़ें को कूड़ेदान में ही डाले। रास्तें में दीवारों पर न थूकें।
2. पर्यावरण हेतु प्रत्येक व्यक्ति कम से कम 5-5 वृक्ष लगाए। 3. पॉलीथीन का प्रयोग कदापि न करें।
4. स्वच्छता मित्र के द्वारा कूड़ा उठाने के बाद सड़क पर कूड़ा डालकर गंदगी न करें। स्वच्छता एप का प्रयोग कर नगर को स्वच्छ रखने में पालिका का सहयोग करें।
5. आपके आस-पास अत्याधिक कचरा जमा है तो इसकी सूचना पालिका को दें।
घर से निकले कूड़े को इधर उधर न फेंके, डोर टू डोर स्वच्छता मित्र को ही दें।



हाजी मुनव्वर हुसैन
अध्यक्ष



सुनील कुमार
अधिशासी अधिकारी



राकेश कुमार पटेल
एडीएम वित्त एवं प्रशासन
कासगंज



मेधा रूपम
जिलाधिकारी
कासगंज




**समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद गंजडण्डवारा, कासगंज**

## एक नजर

### बूंदी, बर्फी और छेना मिठाई सहित पांच सैंपल जांच को भेजे



बदायूं/कुंवर गांव, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने शहर तथा कस्बा कुंवरगांव में मिठाई की दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान अधिकारियों ने छह मिठाई के सैंपल लिए। जिन्हें जांच को भेजा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अभिहित अधिकारी सीएल यादव के नेतृत्व में शहर के बाजार में छापा मारा। अधिकारियों ने मढ़ई चौक स्थित गोपाल स्वीट्स के यहां से छेना मिठाई और न्यू पूजा स्वीट्स के यहां से खोया का सैंपल लिया। इधर कस्बा कुंवरगांव में न्यू राधिका स्वीट्स के यहां से बर्फी, गुप्ता स्वीट्स के यहां से बूंदी का लड्डू और भाग्य श्री स्वीट्स के यहां से बर्फी का सैंपल लिया। अधिकारियों ने सभी सैंपल को जांच के लिए लखनऊ स्थित लैब में भेजा है। खाद्य विभाग द्वारा की गई छापामारी से बाजार में हड़कंप की स्थिति बनी रही। छापा मारने वाली टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह, सतेंद्र सिंह तोमर, भगवत सिंह, माता शंकर, राजेंद्र नाथ मिश्रा, सीमा यादव और आजाद कुमार व खुशीराम मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, घंटों पड़ा रहा शव

म्याऊं, अमृत विचार : हजरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोढ़ा जयकरन के पास म्याऊं ढ़हरपुरकला मार्ग पर राष्ट्रीय पक्षी मोर की अज्ञात कारणों से मौत हो गयी। मृत राष्ट्रीय पक्षी कई घंटों तक सड़क किनारे पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने बुधवार को म्याऊं- ढ़हरपुर कलां मार्ग पर राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पड़ा देखा। मोर की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। लोगों ने मोर की सूचना वन विभाग को दी जिसके बाद वन दरोगा हुकुम सिंह ने मौके पर पहुंच कर मृत मोर को सम्मान सहित उठाया और नियमानुसार उसे दफन किया। वन विभाग अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर मोर के शव को सड़क किनारे से उठाया गया बाद में उसको नियमानुसार दफन कर दिया गया।

# रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे सरकारी कार्यालय

## स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारी, प्रभातफेरियां निकलेंगी, स्कूलों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता दिवस के लिए बुधवार को सरकारी कार्यालयों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। दिन ढलते ही जिले के सरकारी कार्यालय तिरंगा रोशनी से जगमगाने लगे। महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों को भी सजाया गया।

डीएम निधि श्रीवास्तव ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह आठ बजे राष्ट्रीय ध्वज में पुष्पों की पंखुड़ियों बांधकर उसे फहराया जाएगा। झंडा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। सुबह 10 बजे महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण का कार्य अमर शहीदों श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। नगर निकायों में अधिशासी अधिकारी के माध्यम से व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण का कार्य जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। शिक्षण संस्थाओं में देश के प्रति ओत प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन होगा। नाटक, विचार गोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, निबंध लेखन से संबंधित प्रतियोगिताएं भी होगी।



रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाता इंद्रा चौक।



तिरंगे में लिपटी भामाशाह की प्रतिमा।

- सरकारी कार्यालय और चौराहों पर की गई है विशेष सजावट, महापुरुषों के प्रतिमा स्थल सजाए

### तिरंगा रंग में रंगे चौराहे और स्मारक

शहर के विभिन्न चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों को तिरंगे से लपेट कर सजाया गया है। साथ ही द्वार भी बनाए गए हैं। उन पर रंग बिरंगी विद्युत लाइट की लड़ियां लगाई गई हैं। जो शाम होते ही जगमगा उठी, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति में रंगा रहा।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटे

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तैयारियां सभी सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों, स्कूलों में की गई हैं। कलेक्ट्रेट, तहसील कार्यालय, एसएसपी कार्यालय, विकास भवन, जिला पंचायत, नगर पालिका व शहीद पार्क को सजाया गया है।



परशुराम चौक पर की गई सजावट। ● अमृत विचार



महाराणा प्रताप स्मारक पर की गई रोशनी। ● अमृत विचार

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलर्ट, पुलिस ने की चेकिंग



रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करते जीआरपी और आरपीएफ जवान।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। यात्रियों से पूछताछ की गयी। बाहरी लोगों को रेलवे स्टेशन से हटाया गया।

बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी एसओ पिंकी चौहान के नेतृत्व में आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान रेल यात्रियों से पूछताछ की गयी। ट्रेन के अंदर बैठे यात्रियों के बैग और गठरी चेक किए गए। ट्रेन में आने जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उन्हें पूरी तरह आश्वास्वत किया गया। रेलवे स्टेशन पर कुछ संदिग्ध युवकों से पूछताछ की गयी। वहीं एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह के आदेश पर सदर कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह व सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने एलआईयू के साथ रेलवे स्टेशन, बस अड्डे के साथ प्रमुख होटलों में चेकिंग की। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 लोगों का चालान किया।

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे बीस हजार घर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑनलाइन आवेदन कराते समय जनपद के वेंडर में से एक को चुनें। 24 अगस्त को योजना अंतर्गत आवेदकों की समस्याओं के निस्तारण व नए आवेदन प्राप्त करने के लिए शिविर लगाएं। सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि जिले में यूपी नेडा 20 हजार घरों को सोलराइज करने का लक्ष्य रखा है। 26 उपभोक्ताओं ने सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना कराई है। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण, विभिन्न बैंकों से आए प्रतिनिधिगण, जनपद के लिए नामित तीन वेंडर्स के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव।

- पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना का शिविर 24 अगस्त को

### एकीकृत निःक्षय दिवस कल मनाया जाएगा

**बदायूं, अमृत विचार :** भारत वर्ष को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस मनाया जाता है। इस बार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस होने के कारण 16 अगस्त को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

जिसमें टी बी की बीमारी के साथ-साथ फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार के संभावित मरीजों को भी खोजा जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि इस माह का एकीकृत निःक्षय दिवस 16 अगस्त को मनाया जाएगा।

# अव्यवस्थाओं के बीच बने 147 प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग परीक्षण के लिए बुधवार को जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में शिविर लगाया गया। शिविर में 147 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए गए। इस दौरान घोर अव्यवस्थाएं रहीं। दो घंटे बिजली गुल रहने से मरीज भी परेशान हुए तो वहीं प्रमाण पत्र मोबाइल टार्च की रोशनी में बनाए गए। इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित हुईं। खून की रिपोर्ट भी देरी से मिली। जिससे अन्य मरीज व तीमारदार भी परेशान रहे।

मेडिकल कैंप में डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण कर श्रवण बाधित 13, शारीरिक दिव्यांग 15, बौद्धिक दिव्यांग 39, दृष्टि दिव्यांग 10, दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए चिन्हांकन किया। टीम में ऑर्थो सर्जन डॉ वागीश वार्ष्णेय, ईएनटी डॉ चक्रेश गुप्ता, नेत्र सर्जन डॉ उत्पल रस्तोगी, मेडिकल टीम में सायकोलॉजिस्ट डॉ. सर्वेश कुमारी, ऑडियोलॉजिस्ट गजेंद्र द्विवेदी ने सहयोग किया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम श्री के बच्चों के लिए शीघ्र ही अन्य विकास क्षेत्रों में भी कैंप का आयोजन कर प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। बच्चों का रजिस्ट्रेशन शिक्षक दुर्गेश प्रताप सिंह, रज्जन सिंह, राजेश कुमार मौर्य, नरेंद्र प्रताप सिंह, इकबाल बहादुर सिंह आदि ने किया।



जिला अस्पताल में लगे कैंप में दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करते चिकित्सक।



# विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस

## विभाजन का दंश झेलने वालों को केंद्रीय राज्यमंत्री ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



शहर में मौन जुलूस निकालते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार


जिले में विस्थापित लोगों को सम्मानित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● भाजपा ने बदायूं क्लब में आयोजित की संगोष्ठी, बंटवारे के दंश को भुलाया नहीं जा सकता : बी एल वर्मा

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिले भर में विभाजन की विभीषिका दिवस मनाया गया। बदायूं क्लब में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने भारत विभाजन का दंश सहने वाले लोगों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बदायूं क्लब में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। साथ ही शहर में जनप्रतिनिधियों ने मौन जुलूस निकाला।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों एवं भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आज के दिन को कोई कैसे भूल सकता है। एक तरफ 14 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के गुलामी से आजादी मिल रही थी तो दूसरी ओर धर्म के नाम पर भारत के दो टुकड़े हो रहे थे। यह विभाजन भारत के लिए किसी विभीषिका से कम नहीं था। इसका दर्द आज भी देश को झेलना पड़ रहा है। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा विभाजन में न केवल भारतीय उपमहाद्वीप के दो टुकड़े किए गए बल्कि बंगाल का भी विभाजन किया गया। बंगाल के पूर्वी हिस्से को भारत से अलग कर पूर्वी पाकिस्तान बना दिया गया। 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेश बना। आज जब हम स्वतंत्रता के अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं और पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव, धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान भारत विभाजन का दंश झेलने वाले हरिशरण कपूर, सुमन कपूर, अविनाशी लाल, अशोक नारंग, बीरेंद्र धींगड़ा, मेघराज सपड़ा, ओमप्रकाश अरोड़ा को अंग वस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, अशोक भारती, राणा प्रताप सिंह, मनोज कृष्ण गुप्ता, क्लब सचिव अक्षत अशेष आदि मौजूद रहे।

## निजी अस्पताल में गर्भपात के बाद बिगड़ी हालत, महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में गर्भपात के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बरेली के अस्पताल ले गए। जहां महिला की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार एक आशा महिला को बिना पंजीयन व प्रशिक्षित चिकित्सक वाले निजी अस्पताल लाई थी। परिजनों ने आशा के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कौल्हाई निवासी रिंकी (28) पत्नी भूरे दो महीने की गर्भवती थी। मंगलवार को दर्द होने पर परिजनों ने गांव आशा से संपर्क किया। आरोप है कि आशा गर्भवती महिला को उझानी के बिना पंजीकृत निजी अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सक ने महिला का अल्ट्रासाउंड कराया। आरोप है कि महिला का गर्भपात करा दिया। जिसके बाद से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन तुरंत महिला को बरेली के अस्पताल ले गए। जहां महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन बुधवार सुबह शव लेकर कोतवाली उझानी पहुंचे और हंगामा किया। आशा और अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर दुष्कर्म करने के दोषी को 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● दोषी पर 58 हजार रुपये का जुर्माना, पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी आधी राशि

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपक यादव ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आठ साल पुराने मामले में आरोपी को दोषी माना है। दोषी को सात साल की कैद और 58 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पीड़िता को प्रतिकर के रूप में जुर्माने की आधी धनराशि दी जाएगी।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 28 सितंबर 2016 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि सुबह लगभग सात बजे परिवार के सभी लोग काम करने खेत पर गए थे। भांजी घर में अकेली थी। गांव निवासी युवक भूसे के कमरे से बाहर निकला। उसे पकड़ने की कोशिश की तो भाग गया। कमरे में भीतर गए तो देखा भांजी के हाथों पर कटे के निशान थे। उसने रोते हुए बताया कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। चिल्लाई तो मारपीट कर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके युवक को जेल भेजा था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया था। बुधवार को न्यायाधीश ने उपलब्ध साक्ष्यों और विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह वर्मा, अमोल जौहरी, प्रदीप भारती और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोषी युवक (एक्स) को सात वर्ष की सजा सुनाई है। वर्तमान में आरोपी की उम्र लगभग 24 साल है।

### दुष्कर्म के दोषी दो भाइयों को 10 साल की सजा, 11 हजार जुर्माना

**बदायूं :** अपर सत्र न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने 23 साल पुराने मामले में दुष्कर्म करने के आरोपी भाइयों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की कैद और 11-11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कस्बा इस्लामगंज निवासी व्यक्ति ने थाना अलापुर पुलिस को दो जुलाई 2001 को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके व पड़ोस में रहने वाले बच्चों की बीच झगड़ा हो गया था। जिसके चलते गांव निवासी नबी हसन और उसके भाई साबिर हुसैन ने उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। शरीर पर गलत जगह चोट पहुंचाई। पुलिस के बयान में पीड़िता ने नबी हुसैन और साबिर हुसैन पर उसके साथ बुरा काम करने की बात कही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। जांच के बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ाई। न्यायाधीश ने साक्ष्यों का अवलोकन कर एडीजीसी मुनेंद्र प्रताप सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद सजा सुनाई।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार जनसेवा केंद्र संचालक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में किसी वाहन ने शाहजहांपुर निवासी युवक की स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन युवक को बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

जिला शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव बारह खुर्द निवासी आकाश दीक्षित (32) पुत्र संतोष दीक्षित जनसेवा केंद्र चलाता था। मंगलवार रात वह अपने जनसेवा केंद्र से स्कूटी से वापस घर जा रहा था। किसी वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। आकाश दीक्षित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को बदायूं जिला अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन आकाश को बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## सार-संक्षेप

### हर घर तिरंगा के अंतर्गत प्रतियोगिता पौधारोपण से किया जागरूक




**बदायूं, अमृत विचार :** रामनाथ राम नारायण मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत चल रहे शेखूपुर स्थित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी में एकेटीयू, लखनऊ के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की स्लोगन, लेखन, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता हुई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण करके स्वच्छ भारत मिशन, स्वावलंबन और स्वदेशी के प्रति जन जागरूकता फैलाई गई। संस्थान के प्रबन्धक विक्रांत मेंदीरत्ता, सचिव करन थरेजा के साथ संस्थान के प्रभारी प्रधानाचार्या प्रीती पाल के अलावा स्टाफ से निशा शर्मा, नैना, सुनैना, अनुभव वार्ष्णेय, अभिषेक कुमार, नवनीत टक्कर, शिखा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नगर पालिका से निकली तिरंगा यात्रा पालिका अध्यक्ष ने की शिरकत



**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद, बदायूं की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका की अध्यक्ष फात्मा रजा ने शिरकत की। तिरंगा यात्रा नगर पालिका से शुरू होकर नेहरू चौक, खैराती चौक, छह सड़का, लाबेला चौक, भारतीय स्टेट बैंक होते हुए पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई। यात्रा में नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तिरंगे के सम्मान में नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में सभासद वाहिद अली, मुशाईद, कॉलेज की प्रधानाचार्या अनिता जैन, रूबीना, प्रज्ञा पांडे, हिना, सबा खानन, प्रियंका, रूपाली, गीता, पालिका कर्मचारी मोहम्मद तैयब, केशव गंगवार, राजीव मलिक, खालिद अली खान, सचिन सक्सेना आदि शामिल हुए।

### बजरंग दल ने निकाली बाइक रैली



**कादरचौक, अमृत विचार :** बुधवार को कस्बे में 15 अगस्त के उपलक्ष्य में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली और भारत माता, बजरंग दल जिंदाबाद के नारे लगाए। बाइक रैली में डीजे के साथ भारत माता के जयकारे लगाए गए, व बजरंग बली के भजन बजाए गए। भारत माता के जयकारे लगाते हुए लभारी ककोड़ा, गंगापुर आदि गांवों में भी बाइक रैली घूमी। उक्त गांवों में ग्रामीणों ने भी बाइक रैली के साथ नारेबाजी की। लोगों के मुख पर भारत माता की जय की गूंज सुनाई दे रही थी। जिससे चारों ओर देशभक्ति का माहौल बना रहा। बजरंग दल अध्यक्ष करण ठाकुर, मनोज राघव, सूर्य श्रीवास्तव, सुनील कुमार गुप्ता, जयपाल मौर्य, गोल्डी गुप्ता, शिव प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

### शिव संकल्पों के साथ वेद कथा का समापन



**बिल्सी, अमृत विचार :** गांव गुधनी में आर्य समाज मंदिर पर चल रही सात दिवसीय वेद कथा का मंगलवार को शिव संकल्पों के साथ समापन हो गया। कथाकार अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कथा सुनने के पश्चात सभी को शुभ संकल्प कराए। उन्होंने कहा कि सुनना ही सत्संग नहीं है गुनना सत्संग है। यदि कोई हमें सत्मार्ग दिखाए तो उस पर चलना सत्संग है। यदि कोई हमें बुराई से खबरदार करे उन्हें छोड़ देना और जीवन में फिर कभी न अपनाना ही सत्संग है। मास्टर रामसेवक, प्रश्रय आर्य, तृप्ति आर्य, ईशा आर्य ने भजन सुनाए। शशि आर्य, छाया रानी, मंजू रानी, किशनपाल आर्य आदि मौजूद रहे।




आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
Happy Independence Day
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उचित दर विक्रेता संघ इस्लामनगर की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं 2024
15th August Independence Day
हिमांशु गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार
प्रमोद कुमार, अनीता मिश्र
समीम खां, कृष्णा देवी
चंद्रपाल सिंह, मंजू रानी
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रजेश यादव
विधायक, सहसवान
ऋषिकांत शर्मा
दिग्विजय सिंह
अरविंद कुमार


आप सभी देशवासियों को
15 August Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय गंगवार
जेई
लोक निर्माण विभाग
बदायूं


15th of August
Independence
Day


आप सभी
देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐ
राम औतार गंगवार
प्रियंका सिंह
कमल कुमार
राहुल कुमार शर्मा
मोहित कुमार शर्मा




आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव शर्मा
जिलाध्यक्ष/प्रांतीय प्रचार मंत्री,
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,
बदायूं


आप सभी
देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत गंगवार
जिला समन्वयक
बालिका शिक्षा, बदायूं


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आईये हम सब मिलकर करें
संकल्पना एक बेहतर शिक्षा की....
निपुण प्रदेश
उत्तम प्रदेश
मनोज राम
खण्ड शिक्षा अधिकारी
सहसवान
वीरेन्द्र कुमार सिंह
जिला बेसिक शिक्षा
अधिकारी, बदायूं
कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी/बी.आर.सी. कौल्हाई, सहसवान (बदायूं)


ASIM SIDDIQUE MEMORIAL (P.G.) DEGREE COLLEGE BUDAUN
(AFFILIATED TO M.J.P. ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY)
ASMDC
LLB
Coming soon
HAPPY INDEPENDENCE DAY
B.ED. College Code SB2742
SPECIAL DISCOUNT FOR ALL COURSES
BBA | BCA | B.Com. | B.A. | B.Sc. | M.Sc.
(Home Science, PCM & ZBC)
(Botany, Zoology, Chemistry & Physics)
CONTACT US: 9359616296, 7017307803, 9917433783
COLLEGE CAMPUS: MEERA SARAI, SHEIKHUPUR ROAD, BUDAUN (U.P.)


Hero
जी.एस. हीरो परिवार की ओर से
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
एवं
आप सभी को
रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनायें।
A TRIBUTE TO
UNWAVERING DEDICATION.
EXCLUSIVE OFFERS FOR TEACHERS.
PRICE
BENEFIT UP TO
₹4,000#
₹86,000*
₹71,498*
₹84,748*
आधार कार्ड लायें, कोई भी
2 व्हीलर ले जायें।
जीएस हीरो बदायूँ / उझानी | 9289922626


उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बदायूं
(संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली)
की ओर
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण पांडेय
जिलाध्यक्ष
अजब सिंह
जिला संगठन मंत्री
शिव कुमार
जिला प्रचार मंत्री
वेद प्रकाश पाल
जिला संगठन मंत्री
विजय मार्तण्ड
जिला उपाध्यक्ष
महिपाल टंडन
जिला उपाध्यक्ष
पंकज कुमार राजन
जिला उपाध्यक्ष
अखलाक अहमद
जिला संगठन मंत्री
सुरेंद्र सिंह यादव
कार्यवाहक, जिला मंत्री
भारत सिंह
जिला कोषाध्यक्ष
मनीष शर्मा
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष



आप सभी
देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. पवन जैसी
चिकित्सा अधीक्षक,
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,
आसफपुर


आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. पंकज पाठक
उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ,
वि. क्षे. जगत, बदायूं


उत्तर प्रदेश राज्य
कर्मचारी संयुक्त परिषद
जनपद शाखा बदायूँ
की ओर से
15 अगस्त
की हार्दिक
शुभकामनाएं


अभि ब्रिक फील्ड (ईंट भट्ठा)
हीरापुर व हमीरपुर, करतला रोड, सिढपुरा
सभी देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
रवीश गुप्ता
सचिव-गंगासागर सेवा समिति
सिढपुरा, कासगंज
श्याम सुन्दर गुप्ता
अध्यक्ष
गंगा सागर सेवा समिति, सिढपुरा


सभी जनपदवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रवीण जादौन
महासचिव उत्तर प्रदेश
आर्म्स रेसलिंग एसोसिएशन
सरिता सिंह
उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश
आर्म्स रेसलिंग एसोसिएशन


सभी जनपदवासियों भाजपा कार्यकर्ताओं
एवं क्षेत्रवासियों
स्वतन्त्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीकांत माहेश्वरी
एम.एल.सी., कासगंज


मा. अखिलेश यादव जिन्दाबाद।
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद।
मा. मुलायम सिंह यादव अमर रहें।
नेताजी अमर रहें।
स्व० विनय शाक्य
पूर्व मंत्री, उ.प्र.
समस्त जनपद
वासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
देवेश शाक्य
सांसद - एटा/कासगंज


आप सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15
AUGUST


KNOWLEDGE MATTERS
DR. LOKMAN DAS PUBLIC SCHOOL
Senior Secondary School Etah
15th August
HAPPY INDEPENDENCE DAY
call for More Information
7520911618
9897541157
1st Address: Lokman Das Tiraha, Patiyali Gate, Etah
2nd Address: Near Bypass, Chandpur, Aliganj Road, Etah


ADMISSION OPEN
Pushp KIDS Playway
FOR GOOD LEADERS OF TOMORROW WE NEED GOOD SCHOOLING TODAY
Air-Conditioned Play Group
P.D.S
LEARN, GROW & ACHIEVE
Affiliation No. 2131111
P.D.S.
Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E. (10+2) New Delhi
An English Medium Co-Educational Institute
Call for Admission : 9412388290
Tel. 05740-257432 (Sr. Wing) | 05740-257855 (Jr. Wing)
CLASSES FROM PLAYGROUP TO IX & XI
CAMPUS : NEAR OLD POWER HOUSE,ALIGANJ (ETAH,U.P.)
Email: pdspublicschool@gmail.com | Website : www.pdsseniorsecondaryschool.com


अवागढ़ पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल
की ओर से समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सजल वार्ष्णेय
डायरेक्टर
निवास- गोपाल जी मन्दिर के पास, अवागढ़-एटा


समस्त जनपद वासियों व क्षेत्र की सम्मानित जनता को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
देव श्री यादव
प्रधान
पत्नी- पुरुषोत्तम सिंह यादव
ग्राम पंचायत- दिकाथर
निवास- नयाबांस, अवागढ़-एटा


समस्त क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबूलाल- प्रतिनिधि
विरमा देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत रोहिना मिर्जापुर, अवागढ़


आप सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्य प्रताप सिंह 'प्रवीन'
निवासी-सरकरी, अवागढ़-एटा


आप सभी जनपद एवं क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यप्रकाश गौतम


ग्राम पंचायत जिनावली, अवागढ़
की ओर से समस्त क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वीनू
प्रधान
प्रधान प्रतिनिधि


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिशुपाल सिंह यादव 'कल्लू'
एडवोकेट
मै. ज्ञान सिंह ईंट उद्योग, फरिहा-फिरोजाबाद
मै. उमेश डेयरी (नयाबांस) अवागढ़


समस्त जनपद वासियों को
स्वतन्त्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय नगर पालिका कासगंज
1. पेय जल की बूंद बूंद अमूल्य है सदुपयोग करें, जल ही जीवन है, अतः इसे व्यर्थ न बहाये।
2. सड़कों, नालियों पर अतिक्रमण न होने दें इस कार्य में आपको सहयोग अपेक्षित है।
3. कूड़ा-करकट नियत स्थान पर ही डालें कूड़ा उठाने से पहले ही निश्चित समय में स्थान समय पर ही अपना कूड़ा डालें। नगर की स्वच्छता में आपका सहयोग अपेक्षित है।
4. नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करें। छूट का लाभ उठाने एवं नगर पालिका के देय करों का समय से भुगतान करें, आर.सी. से बचें।
5. आवारा पशुओं को खुला न छोड़े पशुओं को सार्वजनिक मार्ग पर न बांधे।
6. जन्म मृत्यु पंजीकरण निर्धारित अवधि में कराकर विलम्ब शुल्क से बचें।
पूजा
ईओ
नगर पालिका परिषद कासगंज
मीना माहेश्वरी
पालिकाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कासगंज


मा. मुलायम सिंह यादव अमर रहें
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
मा. अखिलेश यादव जिन्दाबाद
रामपाल
प्रदेश अध्यक्ष
अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देश-प्रदेश व जनपदवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
मा. श्री रामपाल को सपा प्रदेश
अध्यक्ष बनाये जाने के बाद
16 अगस्त को कासगंज में उनके प्रथम बार बी.एल. कुशवाह
अमापुर रोड पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुहम्मद फहद
सन्तोष यादव
राष्ट्रीय सचिव
स.पा. युवजन सभा
कैलाश यादव
जिला उपाध्यक्ष
स.पा. एवं
ग्राम प्रधान इस्माईलपुर
विनोद बघेल
विधानसभा अध्यक्ष
कासगंज स.पा.


मा. मुलायम सिंह यादव अमर रहें
समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
मा. अखिलेश यादव जिन्दाबाद
लोकसभा एटा कासगंज की समस्त
जनता को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस,
रक्षाबन्धन, जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं
बहुत-बहुत बधाई
मा. देवेश
शाक्य
सांसद
एटा कासगंज
लोकसभा

आप सभी देशवासियों को
Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बदायूँ ।
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
हर परिवार करे मच्छरों पर वार
मलेरिया, डेंगू, जैपनीज इन्सेफिलाइटिस, चिकिनगुनिया एवं फायलेरिया मच्छर जनित रोग है और मच्छरों के काटने से फैलते है।
स्वस्थ व्यवहार अपनाएं, मच्छरजनित रोगों को हरा

क्या करें
- पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें।
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
- मच्छरों से बचाव हेतु घर के दरवाजों, खिड़कियों पर जाली लगवाएं।
- व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान रखें।
- सुअर / जानवर बाड़ों की नियमित सफाई करें तथा उन्हें घर से दूर रखें।
- पानी की टंकी को ढक कर रखें।
- फूलदानी गमलों एवं कूलर का पानी साप्ताहिक अन्तराल पर बदलते रहें ।
- नालियों का साफ सफाई रखें व अपशिष्ट पदार्थों का उचित निस्तारण करें।
- बुखार आने पर तुरत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से सम्पर्क कर
- मलेरिया /डेंगू की जॉच करवाएं।
- मेलरिया / डेंगू धनात्मक पाये जानें पर तुरंत चिकित्सक के अनुसार उपचार प्रारम्भ कर दें

क्या न करें
- खेल में शौच करना ।
- घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होनें दें।
- सुबह व शाम के समय घर के खिडकी दरवाजों को खुला छोड़ना ।
- पुराने एवं खराब सामना को छत पर रखना ।
- पुराने टायर, प्लास्टिक के कप, फ्रिज की ट्रे, बोतलों, कबाड़, फूलदानों, आदि में पानी इकट्ठा होनें देना ।
- बुखार आने पर लापरवाही करना और बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा का सेवन करना ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ
जिलाधिकारी बदायूँ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
M/s SHARAFAT INDUSTRIES
Manufacture of : CATTLE FEED
Deal in : Waste & Expire Namkeen Kurkure, Chips, Biscuit, Rusk, Burn Oil, Flour & Pulses etc.
Vill. Orchhi, Tehsil Bisauli, Distt. Badaun

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद रूम
ग्राम प्रधान
गांव पिपरिया ब्लॉक आसफपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फिरोज
समाजसेवी
ग्राम पिपरिया ब्लॉक आसफपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिव गौरव सिंह
ब्लॉक आसफपुर
प्रधान पति ओमकार उर्फ पप्पू,
ग्राम अजीतपुर...

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अयूब
प्रधान पति
ग्राम भूड़ बिसौली, ब्लॉक आसफपुर

Happy Independence Day
Shri Neel Kanth Mahadev Ki Jai
SAHU KHAN CHAND FOODS
Manufacturer of Sahu Fresh Brand Frozen Green Peas & Vegetables
3 Km Mile Stone, Budaun Road, Chandausi-244412 Distt. SAMBHAL (U.P.) INDIA
H.O.: PAKKA KATRA (KAITHAL GATE) CHANDAUSI-244412 DISTT. SAMBHAL (U.P.) INDIA
Mobile : 8859505065 (T.P.C.-Babli) 99270-51065, 99270-50365 (Mausam) 9927560365, 7906277334 (Madhur)
e-mail: skfchandausi@yahoo.com website: sahufresh.com
fssai 10012051000210
with I.Q.F. Technology
साहू खानचन्द कोल्डस्टोरेज एण्ड एलाइड इण्डस्ट्रीज
Specialist in: Sugar Free Potato, Mater Seed, Banana & Fruit Ripening
R.C. FOODS
Mfg. of Cold Chain Products
R.C. AGRO FOODS
6 km, Chandausi-Asafpur Road, P.O. Sisarka, Teh. Bisauli Distt. Budaun, U.P. (India) PIN 243632

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव कुमार सिंह
सचिव, विकास खण्ड आसफपुर
रामलखन यादव
ग्राम प्रधान, भवानीपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिव पारुल यादव
ब्लाक आसफपुर
रुखसाना बेगम
प्रधान आरेछी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुबोध कुमार यादव
एचएल शिक्षा निकेतन स्कूल अजीतपुर बदायूं

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पारुल देवी
सचिव
द्रोण कृष्ण सिंह
ग्राम प्रधान परमानंदपुर

नगर पालिका परिषद बिल्सी
आप सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान देवी सागर
चेयरमैन, बिल्सी
ओमप्रकाश सागर
पूर्व चेयरमैन, बिल्सी
निवास- मो.नं. 8 साहबगंज, मैन बाजार, बिल्सी (बदायूं)

माँ गंगा प्रॉपर्टी डीलर बिल्सी
आप सभी को '15 अगस्त'
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप सिंह तोमर
9675180952
निवास. मो.नं.5, निकट बिजली घर, बिल्सी (बदायूं)

ग्रामीण क्षेत्र का प्रथम इंग्लिश मीडियम स्कूल
S.K.L.M PUBLIC SCHOOL
A Flight Towards Education....
SATETI WAZIRGANJ ROAD, SUNDAR NAGAR, BILSI (BUDAUN)
An Co - Edu ctional Institute
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. P.D. Singh (Managing Director)
Mrs. Rajni Sharma (Principal)
Mr. Room Singh (Chairman)
Contact as - 9568251648, 8057952648 Email- sklmpublic2016@gmail.com

श्री महेश बाल विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बिल्सी (बदायूं)
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर चन्द्र माहेश्वरी
प्रबंधक
डॉ० रोहिताश कुमार

आप सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
समाज सेवी
दीपक चौहान
9457849462
निवास दुर्गा नगर कॉलोनी मोहल्ला नंबर 5 बिल्सी बदायूं

सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय जीवन बीमा निगम के बारे में जानकारी एवं प्रीमियम के लिए सम्पर्क करें
चैयरमैन क्लब लेवल
भारतीय जीवन बीमा निगम सहसवान
लव कुमार वार्ष्णेय
LIC

सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव बुक डिपो एण्ड पटाखे वाले
हमारे यहाँ पटाखे एवं सभी प्रकार की लेखन सामग्री, पाठ्य पुस्तक थोक में मिलती है
जैन मार्केट, बिल्सी
रचित माहेश्वरी 9927419785

सोमानी बीज भंडार
ज्ञान चंद सोमानी कपड़े वालों की दुकान खाद, बीज और दवा के थोक विक्रेता
सोमानी तिराहा थाना रोड बिल्सी
थोक सब्जी मंडी के सामने बिल्सी
77 वां
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर सोमानी मो.-9412417366
हर्ष सोमानी मो.-9756409000

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
S.M.PUBLICJUNIORHIGHSCHOOL
Infront of Ramlila Ground Gaushala Road Moh. No. 6, BILSI (BUDAUN).
Prakhar Upadhayay (President)
Avnesh Kumar Shakya (Principal)
Amrit Lal Sharma (Administration)
Nahid Anjum Khan (Administration)
Contact No - 8958082196, 9719094922

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता शाक्य
(समाजसेवी)
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
पूर्व विधानसभा प्रत्याशी-बिल्सी

फ्यूचर लीडर्स स्कूल, बिल्सी
A Co-educational English Medium School
सभी नगर व क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वी. पी. सिंह 7417775824
7417775825

आप सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
3D-4D कलर (रंगीन) अल्ट्रासाउण्ड
डॉ० प्रसून वार्ष्णेय
डॉ० चारु वार्ष्णेय
पता: मोहल्ला नं. 1, बिल्सी, बदायूं (यू.पी.)

मैं बनवारी लाल कन्हैया लाल, नवीन गल्ला मण्डी, बिल्सी
श्री राम धर्म कांटा - कन्हैया धर्म कांटा
निकट नवीन गल्ला मण्डी, बिल्सी
77 वां
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवनेश वार्ष्णेय
डॉ० अमन वार्ष्णेय


आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
Happy Independence Day
15 August
Happy Independence Day




श्रीमती वर्षा यादव
श्रीमती कृति सिंह
समस्त क्षेत्र वासियों को
AUGUST
15
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनायें
जितेन्द्र यादव
विक्रांत यादव
पूर्व जिला पंचायत सदस्य नोएडा


15th of August
Independence
Day


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
1. नगर पालिका को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें।
2. कोविड से सम्बन्धित सभी जरूरी गाइडलाइन्स का पालन करें।
3. नगर के बिजली के खम्भों में लगे मरकरी बल्बो आदि को न तोड़ें।
4. नगर के बकाया जलमूल्य व गृहकर आदि, समय पर जमा करके विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें।
5. अपने घर के कूडा करकट को सड़कों पर न डालें।
6. सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण पर न करें।
7. नगर में निजी जल कनेक्शन धारकों से अनुरोध है कि अपने नलों में टोटियां अवश्य लगवायें जिससे जल का दुरुपयोग न हो सके।
8. जन्म मृत्यु का पंजीयन समय से करायें एवं भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
9. पॉलिथीन का प्रयोग न करें। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
10. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखे। खुले में शौच न करें
11. नगर पालिका अपनी है इसको स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
12. नगर पालिका आपके सहयोग एवं सुझाव के लिये सदा आभारी रहेगी।
13. समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अपना योगदान करें
संजय कुमार सिंह
जिलाधिकारी, पीलीभीत
लाल चन्द्र भारती
अधिशासी अधिकारी
डॉ. आस्था अग्रवाल
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत
समस्त सभासदगण, नगर पालिका परिषद पीलीभीत


15
AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
फैमिली हॉस्पिटल एवं सर्जरी सेन्टर
डॉ. अरविन्द पुरी
(एम.बी.बी.एस)
डॉ. अब्दुल माजिद
(एम.बी.बी.एस, एम.एस.)
पताः- निकट प्रमोद इंटर कॉलेज, नवादा सहसवान, बदायूं


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शाहिद खान
अर्शी ऑटो मोबाइल
पताः- निकट प्रमोद इंटर कॉलेज, सहसवान, बदायूं


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह शाक्य
(प्रलेखक)
प्रांतीय महामंत्री
दस्तावेज लेखक एसोसिएशन उ.प्र.


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमपाल सिंह
उपजिलाधिकारी
सहसवान (बदायूं)


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वेदप्रकाश कठेरिया
उपनिबंधक
सहसवान (बदायूं)


आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश चन्द्र
प्रधान
खालिद अली खान
सचिव
ग्राम पंचायत कुंवर गांव, वि.खं. उसावां
निवेदकः- ग्राम पंचायत कुंवर गांव


आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जलजीरा देवी
प्रधान
अलख निरंजन
सचिव
ग्राम पंचायत बची झझरऊ, वि.खं. उसावां
निवेदकः- ग्राम पंचायत बची झझरऊ


आप सभी क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजाराम
प्रधान
ब्रजमोहन सिंह
सतीश कुमार सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत बुधऊ, वि.खं. उसावां
निवेदकः- ग्राम पंचायत बुधऊ

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# विकसित राष्ट्र की ओर

भारत एक राष्ट्र के रूप में 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हम समय के साथ एक और वर्ष आगे बढ़ चुके होते हैं। हमने देश की आजादी के लिए बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। इसलिए आजादी के पीछे के संघर्ष और बलिदान से लगभग अपरिचित युवा पीढ़ी को उसके मूल्य और उसे सहेजने के अपने दायित्व को ठीक से समझना चाहिए। भारत लोकतंत्र की जननी है और प्राचीन काल में भी हमारे यहां जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाएं विद्यमान थीं। किन्तु लंबे समय तक चले औपनिवेशिक शासन ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटा दिया था। हमारा संविधान हमारा मार्गदर्शक दस्तावेज है। संविधान की प्रस्तावना में हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्श समाहित हैं। भारत के लोकतंत्र की सफलता में संविधान ने एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में रास्ता दिखाया है। संविधान में हमने संकल्प लिया कि हम भारत के सभी नागरिकों को 'न्याय, स्वतंत्रता, समानता के साथ-साथ गरिमापूर्ण और भाईचारे से परिपूर्ण जीवन' सुनिश्चित करेंगे। ये ऐसे संकल्प हैं जो सर्वविदित और निर्विवाद हैं। क्या बीते दशकों में हमने इन संकल्पों को सिद्ध करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए हैं? क्या यही स्वतंत्रता है कि हम संकल्प लेते रहें, लेकिन उन्हें लागू करने के दायित्व से विमुख रहें? हमारा फर्ज और हमारा दायित्व क्या है यह हम अकसर भूल जाते हैं।

आज हम तकनीकी रूप से न केवल सुदृढ़ हुए बल्कि दक्ष भी हैं, तब भी युवा बेरोजगारी की दर का साल दर साल बढ़ते जाना चिंता का विषय है। इन वर्षों में देश ने बहुत प्रगति और विकास किया है। स्वतंत्रता के बाद के वर्षों में हम वैज्ञानिक एवं तकनीक की दिशा में प्रगति के कई पड़ाव पार करके प्रौद्योगिकी में एक अग्रणी देश बन गए हैं। वैश्विक स्तर पर आज भारत की एक विशेष पहचान है, लेकिन सामाजिक स्तर पर जो मजबूती और उन्नयन हो सकता था उसमें अभी काफी सुधार की गुंजाइश है। हालांकि देश ने नए संकल्पों के साथ 'अमृत काल' में प्रवेश किया है तथा भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी आर्थिक प्रगति की इस यात्रा में समावेशी विकास पर जोर दिया जा रहा है। देश के अंतिम व्यक्ति तक संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों में इंगित मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सहज, सरल और सुलभ हों, इसे हम अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। सही अर्थों में यही हमारी सच्ची राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता दिवस के जश्न की सार्थकता भी होगी।

# विकास यात्रा में श्रमिक योगदान



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है।

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है। खेती-किसानी छोड़कर बड़े-बड़े औद्योगिक नगरों में जाने पर उन्हें किसानी से भी बदतर सड़ांधपूर्ण नारकीय जिन्दगी नसीब होती है। इसके साथ ही शहरों में स्थापित उद्योगों में उन्हें छंटनी, हड़ताल, कम पारिश्रमिकता, रहन-सहन की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं से भी सामना करना पड़ता है।

पौराणिक काल से वर्तमान समय तक भारत अनेक झंझावातों से गुजरा हुआ आज विकास के शीर्ष पर है। राजा महाराजाओं का समय हो, या मुगल काल, अंग्रेजों का राज्य हो, या स्वतंत्र भारत का प्रजातंत्र हर कालखंड में यहां की जनता ने, यहां के शासक वर्ग ने, बुद्धिजीवियों ने, श्रमजीवियों ने, अपने-अपने तरह से इसके विकास में योगदान किया है। श्रमिक वर्ग एक ऐसा वर्ग है जो न्यूनतम आवश्यकताओं के साथ जीवन यापन करता है और विकास में अधिकतम योगदान देता है। साहित्यकार समाज का अंग होने के कारण अलग-अलग क्षेत्र से विषय वस्तु का चयन करते हुए यथासंभव अपने साहित्य का सृजन करता है। क्योंकि भारत एक श्रमसाध्य देश है, अतः साहित्यकारों ने श्रमिक जीवन पर पर्याप्त साहित्य लिखा है।

स्वतंत्र भारत का श्रमिक वर्ग आज भी अनेक चुनौतियों से सामना करते हुए अपने सुखी जीवन की आकांक्षा संजोए हुए है। आजादी से पूर्व और पश्चात कई श्रमिक संघों की स्थापना हुई है और आज भी यह प्रक्रिया चल रही है। किन्तु इसके बावजूद श्रमिक वर्ग अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अनवरत संघर्षरत है। पूंजी और सत्ता की जुगलबंदी से श्रमिकों के जीवन में ऐसी भीषण दुश्वारियां उत्पन्न हुई हैं कि उनका अस्तित्व ही खतरे में नजर आ रहा है। देश की तरक्की और विकास होने के बावजूद भी आम श्रमिक तबका अपने को निस्सहाय महसूस कर रहा है। पूंजीपति वर्ग अपनी पूंजी के बल पर बड़े-बड़े उद्योगों का विकास तो कर लिया है, लेकिन उन उद्योगों में काम करने वाले श्रमसाध्य वर्ग को नियमानुसार कोई लाभ अर्जित नहीं करा पा रहा है बरन उनकी मेहनत का दोहन करके अपना आर्थिक लक्ष्य पूर्ण करने में लगा हुआ है। उनका मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक लाभ कमाना है। उन्हें श्रमिक वर्ग के जीने-मरने से कोई फर्क नहीं पड़ता। 'पूंजीवाद की अतिशयता से हमारा किसान समुदाय कृषि से दूर होता जा रहा है, अर्थात यह श्रमिक बनता जा रहा है। आज आजाद देश में कृषि संकट बहुत बड़ी समस्या बन गया है। भारत की एक बहुत बड़ी आबादी कृषक है जिसका जीवन कृषि पर ही अवलंबित है। परंतु वह भी आज स्वतंत्र भारत में विकल्पहीनता का शिकार हो गई है। वर्तमान समय में कृषि पर निर्भर किसानों के समक्ष दो ही विकल्प हैं- पहला विकल्प है कि वे स्वयं कृषि को बचाए रखने के लिए घाटे में रहकर लगातार खेती करते रहें। परन्तु तमाम कृषकों के लिए यह कदम आत्मघाती साबित होता है। घाटे में रहकर खेती करते रहना अत्यन्त दुष्कर है। ऐसी स्थिति उन्हें घोर निराशा की ओर ले जा रही है, जिससे वे निकलने की कोशिश करते हैं। पूंजी एवं सत्ता के जाल से निकलने के लिए वे लड़ते हैं, संघर्ष करते हैं। जो किसान अलग-थलग पड़ जाते हैं वे अंततः मारे जाते हैं जिसे आत्महत्या की संज्ञा से संबोधित किया जाता है। ये सत्ता, समाज, व्यवस्था द्वारा प्रायोजित हत्याएं लगती हैं। उनके आस-पास ऐसा वातावरण बना दिया जाता है कि वे अंततः आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाते हैं। किसानों का एक बड़ा वर्ग एकताबद्ध, संगठित हो संघर्ष कर रहा है, आंदोलन कर रहा है। दूसरा विकल्प है कि खेती-किसानी छोड़कर वे जीवन निर्वाह के लिए रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन कर जाएं। कृषि संकट एवं गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध न होने के कारण बड़े स्तर पर गांवों से शहरों की ओर उनका पलायन जारी है जिसे सरकार भी रोकने में नाकामयाब है।

उत्तर प्रदेश राज्य का बुन्देलखंड क्षेत्र पलायन जैसी समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। देश के अन्य राज्यों की भी लगभग यही स्थिति है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ ही वर्षों में लगभग 80 लाख लोगों ने खेती किसानी छोड़कर गांवों से शहरों की ओर पलायन किया है। कृषक से श्रमिक में तब्दील हुए इस श्रमसाध्य वर्ग का जीवन सहज एवं सुखमय हो, ऐसा भी नहीं है।

खेती-किसानी छोड़कर बड़े-बड़े औद्योगिक नगरों में जाने पर उन्हें किसानी से भी बदतर सड़ांधपूर्ण नारकीय जिन्दगी नसीब होती है। इसके साथ ही शहरों में स्थापित उद्योगों में उन्हें छंटनी, हड़ताल, कम पारिश्रमिकता, रहन-सहन की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं से भी सामना करना पड़ता है। किसान से मजदूर बनने की यह प्रक्रिया बड़ी पीड़ादायक होती है। अत्यंत दुखद स्थिति है कि आज लगभग प्रत्येक छोटे किसान को जो श्रमिक में रूपांतरित हुआ है, इस दर्द से गुजरना पड़ रहा है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य ही है कि जहां एक तरफ विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं श्रमिक वर्ग के जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो पाती हैं। सरकार की तमाम नीतियां और बड़े-बड़े दावों, वादों के बावजूद उनके जीवन में कोई सकारात्मक सुधार देखने को नहीं मिलता। श्रमिक वर्ग के जीवन की ये चुनौतियां तथा उनके अस्तित्व का यह संकट अचानक नहीं उत्पन्न हुआ है और न ही ऐसी परिस्थितियां एकाएक उत्पन्न हुई हैं। श्रमिकों की ये सभी समस्याएं आजादी के पूर्व ही जन्म ले चुकी थीं। भारत में विदेशी हुकूमत के आगमन से देश के पुराने छोटे-मोटे उद्योग धंधे नष्ट हो गए थे। उनकी जगह पर विदेशी औद्योगिकीकरण का विकास हुआ। शिल्पकार, बढ़ई, नाई आदि लोगों को भूमि पर निर्भर रहना पड़ा। किन्तु खेती भी स्वामित्व का दर्जा ग्रहण कर चुकी थी जिसके फलस्वरूप उसका क्रय-विक्रय करना संभव हो गया था। छोटे-छोटे किसान कर्ज और लगान का बोझ उठाने में असमर्थ हो गए और भूमि जमींदारों और महाजनों के हाथों में चली गयी। फलतः किसान, कृषि श्रमिक, औद्योगिक श्रमिक और बंधुआ मजदूर बनने को बाध्य हो गए। अंग्रेजों की कूटनीतिक चाल की छाप आज भी हमारे देश के पूंजीपतियों पर स्पष्ट दिखाई देती है। आखिर उनकी कौन सी समस्याएं हैं जो उन्हें मजदूरी से पीछा नहीं छुड़ाती? क्या श्रमिक वर्ग ईमानदारी से श्रम नहीं करता या इनके श्रम से पूंजीपति मालिकों का कोई लाभ नहीं होता? मेहनतकश लोगों के जीवन संकट की वास्तविकता एवं उनकी समस्याओं को गहराई से जानने, समझने की दिशा में बढ़ने से पहले यह अनिवार्य हो जाता है कि देश में हुए 1990 के आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण एवं भूमंडलीकरण की भूमिका को समझा जाए। इस नई वैश्विक व्यवस्था को लागू हुए तीसरा दशक ही पूरा हुआ है और इसके भयंकर दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। उदाहरण के लिए भारतीय कृषि को देख सकते हैं जिसके कारण कृषक तबकों के पलायन में बढ़ोतरी हुई है। भूमंडलीकरण से सिर्फ भारतीय कृषि पर ही संकट नहीं आया, बल्कि दुनिया के अनेक गरीब देशों की भी कृषि व्यवस्था इससे तबाह हुई है।

वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण ने जहां एक ओर किसानों को उनकी खेती के योग्य जमीन से बेदखल किया, तो वहीं दूसरी तरफ विभिन्न औद्योगिक तकनीकी उपकरणों ने श्रमिक वर्ग को मानों अपंग सा कर दिया है। पहले जब उद्योगों में मशीनों का आगमन नहीं हुआ था, तब श्रमिकों को भारी तादाद में काम आसानी से मिल जाता था तथा उनके जान-माल का ज्यादा खतरा भी नहीं था। लेकिन मशीनों के आगमन से श्रमिकों के जीवन में बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न हो गई। औद्योगिक क्षेत्रों में मशीनों के आगमन से श्रमिक वर्ग में उपजे असंतोष तथा बढ़ती बेरोजगारी, बेकारी का चित्रण करते हुए राजेश झरपुरे अपने उपन्यास 'कबिरा आप ठगाइये' में लिखते हैं- "कम वेतन, अधिक काम उनके असन्तोष का प्रमुख कारण था, पर वे सब विवश थे। वे सब अपने असंतोष को लेकर किसी तरह का विरोध भी प्रकट नहीं कर सकते थे। उनके द्वारा हाथ खींच लेने से कोयला खदानों का उत्पादन ठप हो जाता था और वे यह काम उस वक्त अधिक करते जब देश में कोयले की जरूरत ज्यादा होती, इसलिए मैनेजमेंट ने खदानों में कोयला लोड करने वाली मशीन उतरवाकर उनके हाथ ही काट दिए।"

## प्रसंगवश

# स्वतंत्रता के संकल्प



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस का दिन हमारी आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का दिन है। यह दिन यह विचारने का है कि 150 वर्षों की औपनिवेशिक सत्ता के वो क्या बीज तत्व आज भी मौजूद हैं जो भारत के लोगों की प्रगति में बाधक हैं। यह दिन यह विचारने का है कि भारत स्वाधीन हुआ है या स्वतंत्र? यह दिन यह विचारने का है कि संविधान के किन किन विषयों को वक्त की जरूरत के हिसाब से बदला जा सकता है। यह दिन यह विचारने का है कि राष्ट्र विकास की प्रक्रिया में संविधान में और क्या बेहतर परिवर्तन किए जा सकते हैं जिससे अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी राष्ट्र विकास में सहायक हो सके। यह दिन उन विमर्शों को केंद्र बिंदु में लाने का दिन है जिन विमर्शों को हमारी संविधान सभा में किया गया था। हालांकि जो कतिपय कारणों से बाद में संविधान का हिस्सा भी न बन पाए थे।

आज फिर 21 वीं सदी के भारत के सामने वो विषय प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। यह दिन इस चिंतन का भी मौका देता है कि राष्ट्र निर्माण में हमारे किन मूल भारतीय तत्वों का लोप हो गया और कौन से तत्वों का लबादा हमें भूमंडलीकरण और छवि निर्माण के चलते छोड़ना पड़ा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्वपीठिका में, भगवत कृपा को प्राप्त राष्ट्र में, संविधान में वर्णित हमारी विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को संविधान प्रदत्त शक्तियों के दायरे में रहने और एक दूसरे के कार्यों में दखल न देने की प्रेरणा मिले, हमारी राज्य सरकारें अपनी-अपनी डफली अपना अपना राग छोड़कर केंद्र की योजनाओं में सक्रियता से कार्य कर सहकारी संघवाद को बढ़ावा दें और देश का आम नागरिक अपने नागरिक कर्तव्यों को समझकर तदनुसार कार्य करे, इस स्वतंत्रता दिवस पर कम से कम यह उम्मीद तो कर ही सकते हैं।

अपनी अपनी गुहा में रहने के अभ्यस्त हम लोग भूलने की बीमारी से ऐसे ग्रसित हो चुके हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में खुद को देखते हम लोगों की लगभग 35 प्रतिशत आबादी तो वोट ही करना भूल जाती है। जनता का, जनता द्वारा, और जनता के लिए शासन हो ऐसी आदर्श लोकतंत्र की परिभाषाएं भी जनमानस के स्मृति पटल से निकल जाती है। और इस प्रकार लोकतंत्र में मसलन चुनावों से चंद दिनों पूर्व रातों में सबकुछ भूल जाने की प्रवृति वाली जनता को ऐतिहासिक सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और लैंगिक विषयों को समझाने का दौर चलता है।

राष्ट्रीय महत्व के दिनों में हमारे अंदर का देशभक्त, अपनी प्रोफाइल पिक्चर में तिरंगा लगाने से लेकर, गाल में तिरंगे वाले टैटू के लिए जग जाता है। देशभक्ति गीतों की आवाज से हौले से उठने वाले रौंगटे को महसूस करने के अभ्यस्त हम लोग उन खबरों, उन विषयों पर बात तक करना मुनासिब नहीं सोचते जो हमारे भविष्य के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आधार है। और फिर किसी एक दिन जब देश में कही दुर्घटना हो जाती है तो हम सब जागने का स्वांग करने लगते हैं। अचानक से हमारे तंत्र का हर एक पुर्जा सक्रिय हो जाता है। दिवस विशेष, आधारित चिंतन परंपरा, भारत में भी अब प्रायः देखने को मिल रही है। कुछ दिनों पहले एक कवि ने कहा था-धूल साफ कर जो तस्वीरें शान से आज सजाई हैं, इससे पहले इनकी याद किसे, कहां और कब आई है?

आज दिन विशेष को महत्व देने वाली पीढ़ी, फादर्स डे, मदर्स डे, फ्रेंड्स डे, अर्थ डे आदि के बौद्धिक मकड़जाल में फंसकर शाश्वत रूप से इन विषयों में सोचना धीरे-धीरे कम कर रही है। विविधता वाले तथाकथित सपेरों के देश में दैवीय नियतिवाद का स्थान कर्मवाद ने जरूर लिया है। तभी विश्व की सबसे विकसित ताकतों में आज हम शामिल हैं लेकिन अभी भी गांधी जी के तीनों मूल मंत्रों बुरा मत देखो, बुरा मत कहो और बुरा मत सुनो को हम लोग अपने स्वार्थपरक नजरिए से तोड़ते मरोड़ते रहते हैं। भारत की सामासिक संस्कृति में चिंतन प्रक्रिया को सतत मानते हुए ही समाज सुधारकों, देशभक्तों ने स्वर्णिम अतीत से प्रेरणा ग्रहण की थी। चिंतन के आधार पर विमर्शों से प्राप्त बिंदुओं को, ध्यान में रखते हुए कर्तव्य निर्धारण करने वाले मतवालों, का दौर अब चला गया है। आज चिंतन महज खानापूर्ति का जरिया बन चुका है। आज भारत के लोग गुम होते जा रहे हैं। गुम ऐसे कि विवेकानंद जी के ध्यान के दृष्टांत भी फीके पड़ जाएं। भ्रष्टाचार, बलात्कार, आदि जघन्य अपराधों और पर्यावरण के साथ-साथ मेघों और वर्षा के बदलते भयावह रंगों में भी यहां के आत्ममुग्ध स्वकेंद्रित लोग गुम ही रहते हैं।

# कर्तव्यबोध ही असली देशभक्ति



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

यह निर्विवाद सत्य है कि स्वयं के विकास या परिवार-समाज-राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान नागरिकों के कर्तव्यबोधात्मक भावों एवं आचरणों का ही होता है।

भारत अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए तैयार है और शताब्दी वर्ष 2047 में विकसित भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है लेकिन यह प्रत्येक भारतीय नागरिक के कर्तव्यबोध के बिना संभव नहीं है। व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र का विकास भी कर्तव्यबोध की भावना से ही संभव होता है। कर्तव्य बोध के सिद्धान्त का आचरण करके ही वास्तविक देशभक्ति सम्भाव्य है, जिसमें अनीति, असत्य भ्रष्टाचार, कर्तव्यहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है। यह देखा गया है कि कर्तव्यहीन नागरिकों के देश में राष्ट्र अवनति की ओर बढ़ता है और कर्तव्यबोध भावना के बलिष्ठ होने पर राष्ट्र आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों उन्नतियों की ओर बढ़ा चला जाता है, इतिहास इसका साक्षी रहा है। समग्र भारतीय दर्शन, श्रीमद्भगवद्गीता, वेद, उपनिषदों में स्थान-स्थान पर कर्मसिद्धान्त एवं कर्मबोध का प्रतिपादन किया है और ऋग्वेद के ऐतरेय आरण्यक में तो चरैवेति चरैवेति सिद्धान्त को वर्णित करके नागरिकों के लिए स्वविकास के साथ श्रेष्ठ देशभक्ति का संदेश दिया है जो राष्ट्रीय पर्वों की गीत-संगीत की ध्वनियों, जयघोषों एवं प्रतीकों से भी अनुभव होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति एवं भारतीय संविधान के लागू होने के पश्चात प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व के रूप में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस प्रत्येक शैक्षणिक संस्थाओं एवं सरकारी कार्यालयों में शानदार देशभक्ति भावना से युक्त होकर आयोजित होते हैं। साथ ही 2 अक्टूबर को गांधी जयंती-लालबहादुर शास्त्री जयंती भी राष्ट्रीय पर्व के रूप में आयोजित होती हैं। इन राष्ट्रीय पर्वों में रंग-बिरंगे परिधान के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज फहरा करके भारत माता एवं देश के कर्तव्यबोध को अपने जीवन का मूलस्रोत मानने वाले महापुरुषों का स्मरण करते हुए देशभक्ति में लीन हो जाते हैं।

यह निर्विवाद सत्य है कि स्वयं के विकास या परिवार-समाज-राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान नागरिकों के कर्तव्य बोधात्मक भावों एवं आचरणों का ही होता है। देश की समृद्धि एवं विकास के लिए 365 दिनों तक चलने वाली कर्तव्य बोधात्मक देशभक्ति परिपालनीय होती है जिसकी शिक्षा, ऊर्जा हमको राष्ट्रीय पर्वों एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का अध्ययन करते हुए ही प्राप्त होती हैं। अक्सर यह रूढ़िगत मान लिया जाता है कि सीमाओं में सुरक्षा करने वाला या सीमा सुरक्षा में देश के लिए शहीद होने वाला सैनिक ही वास्तविक देशभक्त है या राष्ट्रीय राजनीति के उच्च पदों को विभूषित करने वाले राजनेता ही सच्चे देशभक्त हैं लेकिन इसके विपरीत यह परम राष्ट्र सत्य है कि अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यबोध शील प्रत्येक नागरिक देशभक्त है और राष्ट्र की प्रगति में सहायक है और दूसरी तरफ कर्तव्यहीन नागरिक देश की प्रगति में बाधक है।


देश के प्रत्येक नागरिक को वह चाहे सरकारी, अर्धसरकारी या निजी किसी भी क्षेत्र में सेवारत हो उसको राष्ट्रीय पर्वों के जयघोषों, ऊर्जा-उत्साह से तथा महापुरुषों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान से शिक्षा लेकर अपने कार्यक्षेत्र/कर्मक्षेत्र में अनुशासन पूर्वक आजीवन सकारात्मक भावनाओं से युक्त होते हुए कर्तव्यबोध को समझना राष्ट्रीय पर्वों एवं तिरंगा यात्राओं का मूल उद्देश्य एवं निष्कर्ष होना चाहिए।

गुरुकुल कालीन भारतीय शिक्षा पद्धति के अभाव और लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति के प्रभाव के कारण आज देश में कर्तव्यबोध की घटित भावनाएं प्रतिपग में देखी एवं अनुभव की जा सकती हैं क्योंकि शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञान प्राप्ति, चरित्र निर्माण के स्थान पर केवल आजीविका प्राप्ति रह गया है और शिक्षा प्रदाताओं के द्वारा यही शिक्षा अपने छात्रों को दी जा रही है और आधुनिक शिक्षा के प्रभाव से अभिभावकों की भी यही अपेक्षा बढ़ रही है लेकिन राष्ट्र निर्माण में इन राष्ट्रीय पर्व और तिरंगा यात्राएं एक राष्ट्रोपयोगी चर्चा का विषय भी होनी चाहिए।

भारतीय संविधान के निर्माताओं के द्वारा विनिर्मित संविधान की मूल भावना को साकार करते हुए, समाज में बढ़ रही आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए, समाजवाद को साकार करने के लिए संविधान सम्मत व्यापक राष्ट्रीय मुद्दों, चुनौतियों एवं सर्वविध विकास के सन्दर्भ में नीति, कानून बनाकर भ्रष्टाचार मुक्त धरातल में उनका उचित क्रियान्वयन करते हुए देश के विकास में योगदान देना ही चाहिए। यही परम देशभक्ति है। यही राष्ट्रीय पर्वों की प्रासंगिकता भी है और यही शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं में सभी के द्वारा आचरणीय है।

## सोशल फोरम

# बेसुरी आज़ादी




ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

देश देह है और राष्ट्र उसकी आत्मा। समय की कसौटी पर देश नहीं, राष्ट्र स्थायी होते हैं। दुनिया के नक़्शे पर हम देश तो हैं, राष्ट्र आज तक नहीं बन पाए।

भौगोलिक सीमाओं से घिरे जमीन के टुकड़ों से सिर्फ देश बनते हैं। देश स्थायी नहीं होते। समय के साथ देशों की सीमाएं भी बदलती हैं और स्वरुप भी। असंख्य रियासतों में बंटे हमारे देश का वर्तमान स्वरुप भी अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीतियों और आज़ादी के बाद देशी रियासतों के भारत में विलय की अथक कोशिशों का नतीजा है। राष्ट्र देश से अलग ही चीज है। राष्ट्र बनता है देश की भौगोलिक सीमाओं में मौजूद विभिन्न धर्मों, जातियों, सभ्यताओं, संस्कृतियों और आस्थाओं के लोगों के बीच प्रेम, भाईचारे, समझदारी, भरोसे और हजारों विविधताओं के बीच से उठती एकता की अंतर्ध्वनि से। देश देह है और राष्ट्र उसकी आत्मा। समय की कसौटी पर देश नहीं, राष्ट्र स्थायी होते हैं। दुनिया के नक्शे पर हम देश तो हैं, राष्ट्र आज तक नहीं बन पाए। राष्ट्र न बनने की कीमत हम आजादी के बाद तीन टुकड़ों में बंटकर अदा कर चुके हैं। कश्मीर में हम आज इसी की कीमत चुका रहे हैं। देश के कई दूसरे हिस्सों के भी हिन्दू राष्ट्र, मुस्लिम राष्ट्र, दलित राष्ट्र में विभाजन की प्रक्रिया तेज हुई है। आज सियासी लाभ के लिए राष्ट्रीयता की छद्म और आत्मघाती परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। लगभग सभी सियासी दल अपना जनाधार बचाने-बढ़ाने के लिए धर्मों, जातियों और यहां तक कि हमारी मूर्खताओं के आधार पर भी हमें गोलबंद कर रहे हैं। सोचना हमें है कि एक दूसरे के प्रति विद्वेष पालकर, एक दूसरे की आस्थाओं पर चोट कर, आपसी अविश्वास को हवा देकर और अपने देश में गृहयुद्ध का माहौल बनाकर हम हासिल क्या करना चाहते हैं? हम इतने मासूम या मूर्ख क्यों हैं कि हम चाहे या अनचाहे सियासत और मज़हब के धूर्तों और मक्कारों के हाथों की कठपुतली बनते रहे हैं? आज़ादी के इतने अरसे बाद भी हम क्यों एक राष्ट्र नहीं बन सके हैं? एकात्मकता का आंतरिक संगीत नहीं है तो आज देश की आज़ादी भी बेसुरी लगने लगी है।

-फेसबुक वॉल से

# बादल फटना : तबाही का कारण



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

क्या होता है यह 'बादल फटना'। क्या बादल पानी से भरी हुई गुब्बारे जैसी कोई रचना होती है जो फट जाती है और उसका पानी नीचे गिर जाता है? अनेक मौसम संबंधी घटनाओं के कारण तूफानों में पानी की वाष्प से भरी हुई गर्म हवाएं बहुत तेजी से ऊपर उठती हैं। पहाड़ी स्थल पर ऐसा होने पर पहाड़ की ढाल इसमें सहायक सिद्ध होती है। गर्म हवाओं के इस प्रकार पहाड़ी ढलानों पर ऊपर उठने को 'ओरोग्राफिक लिफ्ट' कहते हैं। ऊंचाई पर जाकर 'एडियाबेटिक फैलाव' के कारण यह हवा फैल जाती है और इसलिए ठंडी हो जाती है। इसके ठंडी होने के कारण इसमें मौजूद जलवाष्प हवा में मौजूद बहुत से छोटे-छोटे धूल कणों पर द्रवीभूत और संघनित होकर पानी की बहुत छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाती है। ये बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि हवा के अणुओं के इनसे टकराने से और नीचे से आती हुई गर्म हवा के कारण ये नीचे नहीं गिर पाती हैं और पानी हवा की ऊपरी सतहों में इकट्ठा होता रहता है और छोटी बूंदें आपस में मिल कर बड़ी बूंदें बनती रहती हैं। ये बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि तीन मिलीमीटर व्यास की एक मध्यम आकार की बूंद बनाने के लिए 10 लाख छोटी बूंदों को आपस में जुड़ना होता है। जल वाष्प के द्रवीभूत होने से शीघ्र ही बहुत सारा पानी कुछ वर्ग किलोमीटर के थोड़े से स्थान पर 'क्युमुलोनिम्बस बादलों' के रूप में हवा में एकत्र हो जाता है। ये बादल एक गोभी की आकृति के होते हैं जिनमें नीचे एक तना और ऊपर फैला हुआ हिस्सा दिखाई पड़ता है। इनका ऊपरी हिस्सा काफी ऊंचाई तक पहुंचता है- यह करीब 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंच सकता है। ये बादल देखने में कुछ-कुछ परमाणु धमाके के कुकुरमुत्ते की शक्ल के दिखाई पड़ते हैं।

नीचे से गर्म हवा आनी बंद होने के कारण ओरोग्राफिक लिफ्ट बंद होने पर, अथवा बूंदों के इतने बड़े हो जाने पर कि नीचे से आती हुई और ऊपर उठती हुई हवा उन्हें नीचे गिरने से रोक नहीं सकती हो, ऊपर इकट्ठा यह बहुत सारा पानी एक साथ ही नीचे गिर जाता है और इसे ही 'बादल फटना' कहते हैं।

मौसम विज्ञान के अनुसार 1 घंटे में 100 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा होने को बादल फटना कहते हैं। 100 मिलीमीटर का अर्थ हुआ-10 सेंटीमीटर अर्थात 4 इंच। लेकिन बादल फटने में एक मिनट में डेढ़ से दो इंच तक वर्षा भी हो सकती है। कृपया ध्यान दीजिए- 1 घंटे में नहीं, 1 मिनट में। 1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रति मिनट 2 इंच वर्षा होने का अर्थ है- लगभग पचास हजार टन पानी का एक मिनट में नीचे गिर जाना। 10 वर्ग किलोमीटर में प्रति मिनट 2 इंच वर्षा का अर्थ है प्रति मिनट 5 लाख टन पानी का नीचे गिर जाना। यदि ऐसी वर्षा आधा घंटा भी चलती है तो हम नीचे गिरने वाले पानी की मात्रा का अनुमान लगा सकते हैं। इतिहास में अनेक प्रसिद्ध बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिन्होंने जान-माल का बहुत नुकसान किया है। कोलोराडो में सन 1976 में बादल फटने के कारण एक घाटी के बहुत छोटे से क्षेत्र में चार घंटे में 5 करोड़ टन पानी नीचे गिरा था। इन प्राकृतिक मौसमी कारणों के कारकों को रोकना मनुष्य की वर्तमान क्षमता में नहीं है। इनसे बचने के लिए यही किया जा सकता है कि यदि पहाड़ी स्थल में हम क्युमोलोनिम्बस बादलों को इकट्ठा होते हुए देखें तो हम किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह सुरक्षित स्थान कोई ऊंची जगह अथवा ऐसा स्थान हो सकता है जहां पानी न पहुंच पाए।

# आजादी के जश्न में यह भी हुआ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

14 अगस्त की ऐतिहासिक रात्रि से अगले दिन तक देश में बहुत कुछ हुआ। तमाम महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं। अनेक रोचक बातें भी हुईं। देहात के भोले किसान अपने बच्चों को समझा रहे थे कि अब खेतों में फसल ज्यादा हुआ करेगी, ग्वालों ने पत्नियों से कहा अब गायें ज्यादा दूध देंगी, क्योंकि आजादी मिल गई है। लोगों ने बसों में टिकट खरीदने से मना कर दिया, कहा "भला आजाद मुल्क में कहीं टिकट लगा करते हैं"? दिल्ली में आजादी का जश्न देखने आया एक भिखारी उस विभाग में दाखिल होने लगा, जो विदेशी राजनयिकों के लिए आरक्षित था। सिपाही के यह पूछने पर कि 'आपका आमंत्रण कहां है'? तो, लैरी कोलिंस व दामिनिक लैपियर कहते हैं, उसने कहा 'कैसा आमंत्रण? हम आजाद हो गए हैं। जश्न देखने लोग पैदल, विभिन्न सवारियों पर, यहां तक कि गधों पर आए। सब लोग एक दूसरे को 'आजाद साहब' कहकर अभिवादन कर रहे थे। लखनऊ की रेजीडेंसी में होने वाले ध्वजारोहण के लिए छापे गए आमंत्रण पत्र में लिखा था, "नेशनल ड्रेस धोतियों का स्वागत है"। कलकत्ते में झोपड़पट्टी निवासियों की एक भीड़ गवर्नर के सरकारी आवास में घुस गई। उस समय अंतिम ब्रिटिश गवर्नर सर फ्रेडरिक वरोज सपत्नीक नाश्ते पर बैठे थे। उनके देखते देखते यह उन औसत भारतीयों की भीड़, जिन्होंने शयन के लिए खटहटी खटिया ही देखी थी, उनके शयन कक्ष में घुसी और लपालप मखमली गद्दों पर उछल कूद करने लगे। इस बिस्तर पर अभी थोड़ी देर पहले तक गवर्नराइन सोईं थीं। पुरानी दिल्ली मे कुछ इलाकों में मुस्लिम लीग के उन्मादियों द्वारा एक नारा बुदबुदाया जा रहा था, "हॅंस कर लिया है पाकिस्तान। लड़कर लेंगे हिंदुस्तान"। विभाजित भारत के उस पार प्रतिशोध की ज्वाला जल रही थी, लेकिन इस पार एक दूसरी शांतिमयी ज्वाला थी, डा. राजेंद्रप्रसाद के आवास के बगीचे में वैदिक मंत्रों की ध्वनि से हवन हो रहा था। इस स्वतंत्रता के कारक गांधी जी विभाजन से दुःखी होकर कोप भवन में कलकत्ता के हैदरी हाउस में थे। उन्होंने प्रार्थना सभा में कहा, "आजादी का ऐसा आगमन मुझे आनंदित नहीं कर रहा। मैं उपवास करूंगा। भारत के कल्याण के लिए प्रार्थना करूंगा। चरखा कातूंगा। आप लोग भी ऐसा ही करिए'।














































प्रस्तुतिः- उदय यादव, पत्रकार अमृत विचार, उसावां मो. 9412565381


आप सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 AUGUST


Nursery to XII
Affiliated By C.B.S.E. Board New Delhi
G.D. INTERNATIONAL SCHOOL
R.D. INTER COLLEGE
U.P. Board
ज्ञान छात्रावास
HIGHER | STRONGER | BRIGHTER
Sultan Singh Yadav (M.D)
15 AUGUST
जय हिंद
A Day Boarding
Co- Educational School
A Safe Environment
Dedicated Teacher
Effective Discipline
Innovative Learning
Swimming Pool for Kids
Playground for students
स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST
रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की
आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
Quick Contact: Aliganj Distt. Etah-207247
7830122354/9927887277/9412896488
निवेश सक्सेना- विज्ञापन प्रभारी , अलीगंज


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री
श्रीधर
एग्रोफ्रेश प्रा.लि.
(कोल्ड स्टोरेज)
पता: पुलिस फायर ब्रिगेड स्टेशन के पास, कायमगंज रोड, अलीगंज (एटा)


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
अलीगंज में सफलता के उच्चशिखर पर आपका अपना भरोसे का साथी
ॐ साँईराम अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर
रंगीन एवम डिजीटल
हमारे यहाँ जापानी मशीनों द्वारा (4D/5D) रंगीन
अल्ट्रासोनोग्राफी करायी जाती है।
मैनेजिंग डायरेक्टर
डॉ. अमित कुमार कुलश्रेष्ठ
9520842905, 7500651651
पता- मुक्का ऑफिस के सामने, एटा - कायमगंज बाईपास रोड, अलीगंज (एटा)


Doon Public School, Etah
WHERE EXCELLENCE IS A HABIT
समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
राकेश वार्ष्णेय
महामंत्री-उद्योग व्यापार मण्डल(मिश्रा गुट) एटा
4th Mile Stone, Opposite PAC Kasganj Road
Etah-207001
+91 7617614470-71


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एस.आई.शिव कुमार सिंह
कस्बा इंचार्ज
अलीगंज, जिला-एटा


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
डा.सर्वेश कुमार
अधीक्षक-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलीगंज


रतन क्लीनिक
पता-मातादीन चौराहा, अलीगंज-एटा
की ओर से समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
डा.रतन शाक्य
डा.सुमित शाक्य


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
गजेन्द्र कुमार
अवर अभियन्ता
पी.डब्ल्यू.डी., एटा

## एक नजर

### रूस के तीन क्षेत्रों के लिए भारतीयों को सलाह

मॉस्को। भारतीय दूतावास ने रूस के ब्रायंस्क, बेलगोरोद और कुर्स्क क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों समेत अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से चले जाने के लिए बुधवार को परामर्श जारी किया है। दूतावास ने रूस-यूक्रेन युद्ध के तेज होने के बाद इन क्षेत्रों में सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है।

### पाकिस्तान में ईशनिंदा पर 25 साल की कैद

कराची। पाकिस्तान की एक अदालत ने खुद को पैगंबर घोषित करने के आरोप में एक व्यक्ति को ईशनिंदा के लिए 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सिंध प्रांत में हैदराबाद में केंद्रीय कारागार में सुनवाई के बाद एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मंगलवार को आरोपी को सजा सुनाई। आरोपी के नाम या धर्म का खुलासा नहीं किया गया। न्यायाधीश ने दोषी ठहराए गए व्यक्ति पर पांच लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया।

### महमूद अब्बास करेंगे एर्दोगन से मुलाकात

अंकारा। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए बुधवार को अंकारा में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात करेंगे। तुर्की की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अब्बास के एर्दोगन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने और इस अवसर पर बुलाए गए आपातकालीन सत्र के दौरान तुर्की संसद को संबोधित करने की भी उम्मीद है।

### अश्वेत महिला को गोली मारने में अधिकारी दोषी

कोलंबस। अमेरिका के ओहायो में चोरी के संदेह में 21 साल की एक गर्भवती अश्वेत महिला ताकिया यंग को पिछले साल अगस्त में गोली मारने के मामले में एक पुलिस अधिकारी पर हत्या सहित अन्य आरोप तय किए गए हैं। यंग के एक दुकान से शराब की बोतलें चुराने का संदेह था, जिसके बाद ब्लेंडन टाउनशिप के एक पुलिस अधिकारी कोन्नोर ग्रब और उसके सहकर्मी ने उसकी कार का पीछा किया।

### बिम्सटेक में मिल सकते हैं मोदी और यूनुस

ढाका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के मुखिया प्रो. मोहम्मद यूनुस से थाईलैंड में आगामी चार सितंबर को होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हो सकती है। बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली आधिकारिक बैठक होगी। थाईलैंड वर्तमान में बिम्सटेक के सात देशों के समूह का अध्यक्ष है।

### फ्रांस के दो राफेल लड़ाकू विमान टकराए

पेरिस। फ्रांस की सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान बुधवार दोपहर को उत्तर-पूर्वी फ्रांस के विभाग मेरथे एट मोसेले में हवा में टकरा गए। फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने एक्स अकाउंट पर दुर्घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पायलटों में से एक मिल चुका है और वह सुरक्षित एवं स्वस्थ है तथा अन्य की तलाश अभी भी जारी है। फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, दो विमानों में से एक का पायलट टक्कर से पहले ही बाहर निकल गया, जबकि दूसरे विमान में मौजूद प्रशिक्षक और छात्र पायलट अभी भी लापता हैं।

# पाकिस्तान में दुकान पर ग्रेनेड फेंका, 3 की मौत

इस्लामाबाद/क्वेटा, एजेंसी

- स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी भवन और थाने पर आतंकी हमला

पाकिस्तान के 77वें स्वतंत्रता दिवस से पहले संदिग्ध आतंकवादियों ने बलूचिस्तान प्रांत में राष्ट्रीय ध्वज बेचने वाली एक दुकान और एक घर पर ग्रेनेड से हमला कर दिया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त को खैबर पख्तूनख्वा में चार स्थानों पर सरकारी भवनों और पुलिस थाने पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमले किए।

हिंसा प्रभावित बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में मंगलवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। कुछ दिन पहले ही इस समूह ने दुकान के मालिक को झंडा न बेचने और लोगों को 14 अगस्त को छुट्टी न मनाने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के उत्तर-पूर्व में एक सैन्य अकादमी में दिए गए भाषण में आतंकवाद को हराने की प्रतिबद्धता जताई। मुनीर ने पाक तालिबान के हमलों को रोकने के लिए अफगानिस्तान से सहयोग मांगा। इस बीच, पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में बताया कि आतंकवादियों के एक समूह ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में चार सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी। सेना की जवाबी कार्रवाई में छह आतंकवादी भी मारे गए।


# शानदार हॉकी खिलाड़ी भी थे कैप्टन दीपक सिंह

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान भारतीय सेना के कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गए। यह घटना तब हुई जब मुठभेड़ शुरू होने के बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। प्रसिद्ध पर्यटक हिल रिसॉर्ट पटनीटॉप से सटे डोडा जिले के अस्सार इलाके में मुठभेड़ हुई। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए दो लोगों में से एक कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गए हैं।



जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ स्थल के पास खड़ा सेना का वाहन। मुठभेड़ में सेना कैप्टन और चार आतंकवादी मारे गए हैं। ● एजेंसी

### राष्ट्रीय राइफल्स में थे सिग्नल अधिकारी



कैप्टन दीपक सिंह भारतीय सेना की 48 राष्ट्रीय राइफल्स में सिग्नल अधिकारी थे। वे डोडा के अस्सार में शिवगढ़ धार में हमले का नेतृत्व कर रहे थे, जहां उन्हें आतंकवादियों के हमले में गोली लगी और वे शहीद हो गए। दीपक को युवा सेना सर्च ऑपरेशन टीम में एक कंपनी का नेतृत्व करने के लिए फील्ड मेजर बनाया गया था, जिसकी जिम्मेदारी उन्होंने बखूबी निभाई और खुद शहीद होने से पहले उन्होंने आतंकी को मार गिराया।

### सेना में 2020 में प्राप्त किया था कमीशन

देहरादून निवासी 25 वर्षीय कैप्टन दीपक सिंह, भारतीय सेना के 48 राष्ट्रीय राइफल्स में सिग्नल अधिकारी के पद पर थे। कैप्टन दीपक 13 जून 2020 को सेना में कमीशन हुए थे। वह विक्टर रिएक्शन टीम का नेतृत्व कर रहे थे। यह टीम डोडा के जंगली इलाके अस्सर में छिपे आतंकियों की तलाश में जुटी थी। यहीं आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहादत को प्राप्त हुए। शहीद कैप्टन दीपक सिंह एक शानदार हॉकी के खिलाड़ी भी थे।

### 40 दिनों में सेना के 11 जवानों ने दी आहूति

अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हो गया है और अभियान जारी है। पिछले 40 दिनों में, जम्मू के डोडा और कठुआ जिलों में आतंकवादियों से लड़ते हुए सीआरपीएफ के एक जवान सहित ग्यारह सुरक्षा बल के जवानों ने प्राणों की आहुति दी है। अपनी जान देने वालों में सेना के दो कैप्टन भी शामिल हैं।

### आतंकी घटनाओं में बढ़ोतरी

जम्मू-कश्मीर में एक महीने के अंदर आतंकी घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। सबसे पहले 9 जून को आतंकियों ने जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया, जिसमें 9 लोग मारे गए। फिर आतंकियों ने कठुआ में 8 जुलाई को सेना की गाड़ी को टारगेट किया, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

# हसीना पर एक और मामला, हिंदू का घर फूंका

## स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बच निकले घर के लोग, घटना के कुछ घंटे पूर्व यूनुस ने दिया था सुरक्षा का भरोसा



बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर जयपुर में निकाला गया विरोध मार्च।

- हसीना के अपदस्थ होने के बाद 48 जिलों में हुए 278 हमले

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के पूर्व मंत्रियों सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ वर्ष 2015 में एक वकील का अपहरण करने के आरोप में बुधवार को एक मुकदमा दर्ज किया गया। पांच अगस्त को हसीना के इस्तीफा देने और भारत चले जाने के बाद उनके खिलाफ यह दूसरा मुकदमा है।

दूसरी ओर उत्तर पश्चिमी बांग्लादेश में दंगाइयों ने एक हिंदू परिवार के घर पर आग लगा दी। शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर किए गए हमलों में यह सबसे ताजा हमला है। घटना मंगलवार शाम ठाकुरगांव सदर उपजिला के अक्छा यूनियन के अंतर्गत फराबाड़ी मंदिरपाड़ा गांव में हुई। इससे कुछ घंटे पहले अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चिंतित अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार दोषियों को सजा देगी।

बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस ने दावा किया कि पांच अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद से 48 जिलों में 278 स्थान पर हमले हुए हैं और उन्हें धमकाया गया है। अलायंस ने इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया। अक्छा यूनियन परिषद (यूपी) के अध्यक्ष सुब्रत कुमार बर्मन ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने मंगलवार शाम को करीब 7:30 बजे ठाकुरगांव सदर उपजिला के अक्छा यूनियन के फराबाड़ी मंदिरपाड़ा गांव में कलेश्वर बर्मन के घर में आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया जिससे घर के लोग सुरक्षित निकलने में सफल रहे।

### इंदिरा जैसी कार्रवाई करने में संकोच न करें प्रधानमंत्री

बेंगलुरु। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कर्नाटक में कांग्रेस के एक विधायक ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की तरह निर्णायक सैन्य कार्रवाई करने में संकोच नहीं करना चाहिए। बेंगलुरु के शिवाजी नगर क्षेत्र से विधायक रिजवान अरशद ने मोदी को एक पत्र लिखकर 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई जैसा कदम उठाने का आग्रह किया। रिजवान अरशद ने अपने पत्र में कहा कि मैं आज आपको भारत के एक चिंतित नागरिक के रूप में यह पत्र लिख रहा हूं, जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हाल की खबरों और वीडियो से बहुत व्यथित है।

### आईसीटी में शिकायत, हसीना पर नरसंहार का आरोप

ढाका। बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) के समक्ष बुधवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और कई अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई, जिसमें उन पर छात्र आंदोलन के दौरान नरसंहार व मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया गया। आईसीटी की जांच एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील ने छात्र आरिफ अहमद सियाम के पिता बुलबुल कबीर की ओर से शिकायत दर्ज कराई जिसकी 5 अगस्त को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली से मौत हो गई थी।

# गाजा में हमले रोकने को अमेरिका हस्तक्षेप करे

वाशिंगटन, एजेंसी

- चीन ने कहा-जल्द रोका जाए नागरिकों का कत्लेआम

चीन ने अमेरिका से आग्रह किया है कि गाजा में सैन्य अभियान जल्द से जल्द रोकने और नागरिकों का कत्लेआम बंद करने के लिए वह इजरायल पर दबाव डालने का काम 'ईमानदारी और जिम्मेदारी' से करे। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने सप्ताहांत में गाजा शहर में अल-तबाईन स्कूल पर इजरायल के हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए। यह टिप्पणी फिलिस्तीनी प्रश्न सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को सैन्य अभियानों का लक्ष्य नहीं बनाया जाना चाहिए। यह अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत एक लाल रेखा है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूलों पर हमला करना जहां बड़ी संख्या में नागरिक शरण ले रहे हैं, जघन्य कृत्य है। गाजा के लोग तत्काल और स्थायी युद्धविराम चाहते हैं।

### गाजा में इजराइली हवाई हमले में 17 मारे गए

यरूशलम। गाजा पट्टी पर पिछली रात और बुधवार को इजराइली हवाई हमले में पांच बच्चों एवं उनके माता-पिता समेत 17 लोग मारे गए। फिलीस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि ये हमले ऐसे वक्त हुए हैं जब 10 माह से जारी लड़ाई में संघर्ष विराम पर पहुंचने के लिए नई वार्ता शुरू हो रही है। अमेरिका, कतर और मिस्र को कोई समझौता हो जाने की आस है लेकिन महीनों से अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद भी संबंधित पक्षों के बीच कई मुद्दों पर फासला बना हुआ है।

**हिजबुल्लाह ने इजरालल पर रॉकेट दागे : बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्लाह संगठन ने कत्युशा रॉकेटों से इजराइल के गोलानी ब्रिगेड बलों के बटालियन मुख्यालय माउंट नेरिया अड्डे पर हमला किया। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में मेरोन बेस पर दक्षिणी लेबनान से 20 से अधिक रॉकेट दागे।

# थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा को पद से हटाया

बैंकॉक, एजेंसी



- अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने पर की कार्रवाई
- सजायाफ्ता को कैबिनेट में नियुक्त करने पर दोषी ठहराया

थाईलैंड की एक अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने के आरोप में बुधवार को प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को पद से हटा दिया। इससे एक सप्ताह पहले अदालत ने मुख्य विपक्षी दल को भंग कर दिया था। अदालत के आदेश ने थाई राजनीति में हलचल मचा दी है। संवैधानिक न्यायालय ने श्रेथा को एक कैबिनेट सदस्य की नियुक्ति को लेकर दोषी ठहराया जिसे अदालत के एक अधिकारी को रिश्वत देने के मामले में जेल की सजा हुई थी।

अदालत ने श्रेथा के खिलाफ 5:4 के बहुमत से फैसला दिया और प्रधानमंत्री को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। संसद जब तक नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं करती तब तक कैबिनेट कार्यवाहक आधार पर बनी रहेगी। संसद को इस पद पर नियुक्ति के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई है। कार्यवाहक कैबिनेट भी संसद को भंग कर सकती है और नए चुनाव करा सकती है। उम्मीद है कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री फेउ थाई पार्टी के फुमथम वेचयाचाई होंगे। फुमथम श्रेथा के अधीन पहले उप प्रधानमंत्री और वाणिज्यमंत्री थे। फेउ थाई पार्टी के पास दो योग्य उम्मीदवार हैं।

# किशिदा नहीं लड़ेंगे चुनाव, जापान को मिलेगा नया पीएम

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बुधवार को कहा कि वह सितंबर में प्रस्तावित सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष पद के चुनाव में किस्मत नहीं आजमाएंगे। इससे जापान में एक नए प्रधानमंत्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। किशिदा सितंबर 2021 में एलडीपी के अध्यक्ष चुने गए थे और उसके बाद प्रधानमंत्री बने थे। उनका तीन साल का कार्यकाल इस साल सितंबर में खत्म हो रहा है। जानकार उनकी इस घोषणा को यह दर्शाने के प्रयास के रूप में देख रहे हैं कि उनकी पार्टी में अच्छे बदलाव हो रहे हैं। किशिदा ने कहा कि वह नए नेता का समर्थन करेंगे। किशिदा ने बुधवार को कहा कि हमें एलडीपी के नए कलेवर में सामने आना स्पष्ट रूप से दिखाने की आवश्यकता है।



**आजादी की उमंग...** जम्मू में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को एक स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज लहराते छात्र। इस दौरान उनका उत्साह-उमंग देखते ही बन रहा था।

## कोलकाता दुष्कर्म मामला

# ब्रिटिश भारतीय महिला चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला चिकित्सकों ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के साथ एकजुटता व्यक्त की। भारतीय मूल की इन डॉक्टरों, जिनमें से कई ने भारत में प्रशिक्षण लिया है, ने कोलकाता में युवती से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ब्राइटन स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की जेरियाट्रिशियन डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि पिछले सप्ताह की घटना के बाद से वह भयभीत हैं और चिकित्सा बिरादरी से उन्हें लगातार संदेश मिल रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# खान त्रिमूर्ति को लेकर फिल्म बनाएंगी कंगना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्मकार कंगना रनौत, खान त्रिमूर्ति को लेकर फ़िल्म बनाना चाहती हैं। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की निर्देशक और निर्माता दोनों कंगना ही हैं। 'इमरजेंसी' के ट्रेलर रिलीज के मौके पर कंगना से पूछा गया कि क्या वह कभी खान त्रिमूर्ति सलमान, शाहरुख और आमिर के लिए भी फिल्म बनाना चाहेंगी। इस पर कंगना ने कहा कि वह तीनों के लिए फिल्म डायरेक्ट और प्रोड्यूस करना चाहेंगी। वह उनके लिए एक ऐसी फिल्म बनाना चाहेंगी, जिसमें तीनों की आर्टिस्टिक साइड और क्रिएटिव टैलेंट दिखे। तीनो खान ने फ़िल्म इंडस्ट्री को बहुत कुछ दिया है। इरफान खान भी मेरे पसंदीदा खान रहे हैं।



### निरहुआ का गाना 'तू अइला हमरा जिनगी में' रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दूबे का रोमांटिक गाना 'तू अइला हमरा जिनगी में' रिलीज़ हो गया है। 'तू अइला हमरा जिनगी में' सांग भोजपुरी फिल्म 'माई : प्राइड ऑफ भोजपुरी' का है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि दिनेश लाल यादव निरहुआ व भिखारी लोग के बीच रहते है और एक साधारण जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हें देखकर आम्रपाली के दिल प्यार उमड़ पड़ता है। किंतु आम्रपाली को यह नहीं पता है कि निरहुआ भिखारी का जीवन जी रहे हैं। इस गाने को सिंगर स्निग्धा सरकार ने गाया है। इसके संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं, इस गीत को गीतकार प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है। इस फिल्म के निर्माता ज्योति देशपांडे और निशांत उज्ज्वल हैं। फिल्म के निर्देशक एवं म्यूजिक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा हैं। इस फ़िल्म का म्यूजिक राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



### फिल्म सास ससुर बिन अंगना ना सोहे का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री ऋचा दीक्षित की आगामी फिल्म सास ससुर बिन अंगना ना सोहे का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म सास ससुर बिन अंगना ना सोहे में सास-बहू के रिश्तों की उलझनों और बंटवारे के दंश को मानवीय दृष्टिकोण से दर्शाया गया है। इस फिल्म का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता विनय सिंह और अनंत सिंघल हैं, जबकि फिल्म के निर्देशक कन्हैया एस. विश्वकर्मा हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि इस फिल्म की कहानी बेहद मजबूत है और यह दर्शकों को रिश्तों की अहमियत को समझाने का काम करेगी। इसमें एक बहू और उसके ससुराल के रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, वह हर घर की कहानी हो सकती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को अपने दिल से लगाएंगे और इससे जुड़ाव महसूस करेंगे।

# सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के पूर्वी देइर अल-जौर प्रांत में मंगलवार रात अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर रॉकेट हमला किया गया, जिसमें किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। मानवाधिकार निगरानी समूह 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के अनुसार, कोनोको गैस प्लांट के पास अमेरिकी सैन्य अड्डे पर विस्फोटों की आवाज सुनी गईं। उसने बताया कि जब हमला हुआ तो पूरे अड्डे पर खतरे के अलार्म बजने लगे। ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि हमला ईरान समर्थक लड़ाकों ने किया था। हमले के बाद अमेरिका समर्थित कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) ने पश्चिमी देइर अल-जौर में ईरान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी गोलाबारी शुरू की। एसडीएफ ने यूफ्रेट्स नदी के पश्चिमी तट पर इन लड़ाकों को निशाना बनाने के लिए भारी मशीनगनों का इस्तेमाल किया। इन झड़पों में किसी के हताहत होने की तत्काल पुष्टि नहीं हुई है।

# यूक्रेन की घुसपैठ से हो रही दुविधा : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी



- कुर्स्क क्षेत्र में सैन्य अभियान से अमेरिका ने खुद को किया अलग

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की घुसपैठ वास्तविक रूप से दुविधा पैदा कर रही है। बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन की ओर से किए गए हमले को लेकर कहा कि मैंने पिछले छह या आठ दिनों में नियमित रूप से, शायद हर चार या पांच घंटे में अपने कर्मचारियों से बात की है। यह पुतिन के लिए वास्तविक रूप से दुविधा पैदा कर रहा है। हम यूक्रेन के लोगों के साथ सीधे संपर्क में हैं, लगातार संपर्क में हैं। इससे पहले अमेरिका के विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के सैन्य अभियान के किसी भी पहलू में शामिल नहीं था।

विगत छह अगस्त को 1,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों ने रूस की सीमा पार की और कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण शुरू किया और कई गांवों पर कब्जा कर लिया। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन ने बड़े पैमाने पर उकसावे की कार्रवाई की है।

### रूस के बेलगोरोद में आपातकाल की घोषणा

मॉस्को। रूस ने बेलगोरोद क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा की है। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बुधवार को कहा कि बेलगोरोद क्षेत्र में स्थिति बेहद कठिन और तनावपूर्ण बनी हुई है। यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा दैनिक गोलाबारी की जा रही है, घरों को नष्ट कर दिया है, कई लोग मारे हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। इसी वजह से हम आज से बेलगोरोद क्षेत्र में क्षेत्रीय आपातकाल घोषित करने का निर्णय ले रहे हैं।

### यूक्रेन के हमलों को विफल कर दिया : रूस

कीव। रूस ने कहा है कि उसके बलों ने यूक्रेन के सैनिकों की ओर से कुर्स्क क्षेत्र में एक सप्ताह से जारी आक्रमण का जमकर मुकाबला किया और उन्हें विफल कर दिया। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि कीव का रूसी क्षेत्र पर कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है। रूस के रक्षा ने कहा कि रूसी सेना, विमान, ड्रोन आदि ने यूक्रेन की बख्तरबंद गाड़ियों को ओबशची कोलोदेज, स्नागोस्ट, कौचुक और एलेक्सेयेव्स्की की कुर्स्क बस्तियों के पास रूस में अंदर तक बढ़ने से रोक दिया।